

प्रो० वनेश्वरपाठकः

॥ श्रीः ॥

उत्तरप्रदेशशासनेन पुरस्कृतम्

प्लवङ्गदूतम्

प्रणेता

प्रो० वनेश्वरपाठकः

(हिन्दी-संस्कृत-विभागः)

सेंट जेवियर्स कॉलेज, राँची।

प्रकाशकः

सुबोध ग्रन्थमाला कार्यालय, राँची

प्रथमं संस्करणम्——१९७५
द्वितीयं संस्करणम्——१९७६

सर्वेऽधिकाराः लेखकाधीनाः

७६११३७२१

सुबोध ग्रन्थमाला कार्यालय, पुस्तक पथ, राँची द्वारा प्रकाशित
एवं बेनी माधव प्रेस, राँची द्वारा मुद्रित

किञ्चिन्निवेदनम्

नाप्रत्यक्षमिदं प्रेक्षावतां यत् साहित्यजगति नूतनानि प्रत्नानि च प्रायः सर्वाणि संस्कृत-सन्देश-काव्यानि महाकविकालिदासविरचितं दूतकाव्य-मणिमालायां मध्यमणिभूतं मेघदूतमेवानुसृत्य कविभिर्निर्मितानि तानि समधिगतख्यातीनि च सन्ति। तस्यामेवानुसरणपरम्परायामियमेका नूतना निर्मितिः दूतकाव्यं 'प्लवङ्गदूतम्' नाम।

काव्यमेतन्मया पूर्वमारब्धमपि शोधकार्यव्यापृतेनोपेक्षितमासीत्, किन्त्व-अधुनैव विनिर्मितानि प्रकाशपथञ्चागतानि द्वित्राणि दूतकाव्यानि विलोक्य मे मनसि कश्चन भावनाविशेषः समजनि, येनाऽनुप्रेरितोऽहं स्वं समाप्त्युन्मुखं शोधकार्यमुपेक्ष्याप्रत्याशितरूपेणास्य पूर्णतायां सवेगः सोत्साहश्च प्रवृत्तोऽ-भूवम्। फलतः गतत्रिचतुरान् मासान् कृतस्य श्रमस्य मूर्तिमद् रूपमिदं प्लवङ्गदूतं प्रकाशपथमायातम्। एतादृशप्रवृत्तावस्मादृक्षाणां नवशिक्षार्थिनां कवियशःप्रार्थिनां "पुराणमित्येव न साधु सर्वं न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम्" इति प्राचामुक्तिरेव महान् संबलः। इदमेव कारणं यदधुनाऽपि संस्कृते साहित्यरचनापरम्पराऽविच्छिन्ना। शैथिल्यन्तु लक्ष्यते किन्तु गतिरवरुद्धा न। शैथिल्यस्य कारणं राजतः समाजतश्च प्रोत्साहनाभाव एव।

प्लवङ्गदूतस्य रचनाक्रमे राँचीविद्वत्त्रयी—प्रो० दिनेशप्रसादपाण्डेयः (राँचीविश्वविद्यालयीयस्नातकोत्तरसंस्कृतविभागाध्यक्षः), कविवरः पं० रङ्गेश्वरनाथमिश्रः 'मधुरेशः' (सेवानिवृत्तः—राँचीस्थराजकीयसंस्कृतमहा-विद्यालयीयसाहित्यविभागाध्यक्षः), पं० लम्बोदरझाः (राँचीस्थराजकीय-संस्कृतोच्चविद्यालयस्य प्रधानाचार्यः) इति—ममोत्साहवर्धिकाऽभवत्, तथा रचनामिमाम् (प्रकाशनात्पूर्वम्) आद्योपान्तमधीत्य यथास्थानं परामर्शप्रदानेन मामन्वगृह्णाच्च। एतदर्थमहमेतस्या ऋणं हृदयेना-वहामीतिस्वीकृतौ वास्तविकतामनुभवामि। सव्याख्यं काव्यमिदमधीत्य नितरां प्रीतस्य कविवरमधुरेशस्योत्साहमयी वाणी प्रसन्नमुद्रा च मम स्मृतिपथात् कदापि नावतरतः। अथ यैः विद्वद्वर्यैः स्वकीयामभिमतिं प्रेष्य

काव्यमिदं गौरवपदं प्रापितं तान् प्रत्यहं सम्पूर्णकर्तव्यभावनया कृतज्ञतां ज्ञापयामि। मयि सदा सदयहृदयात् पद्मभूषणश्रद्धेयफादरडॉक्टरकामिल-बुल्के एस० जे० महोदयात् पुस्तकस्यास्य भूमिकायाः प्रस्तुतौ यत् साहाय्यमुपलब्धम्, तदर्थमहं तं प्रति कृतज्ञतावबोधेनापूर्णहृदयोऽस्मि। राँचीस्थ-सन्तजेवियरमहाविद्यालयस्य भूगोलशास्त्रीयविभागाध्यक्षेण प्रा० एस० इमाममहोदयेन प्लवङ्गदूतस्य यात्रामार्गस्य रूपरेखां तथा ललितकलायाः प्राध्यापकेन श्री पी० लकड़ामहोदयेन काव्येऽस्मिन् नायकत्वेनाभिमतस्य प्रवासिनो दूतत्वेन प्रयुक्तस्य प्लवङ्गस्य च रेखाचित्रं निर्माय काव्यस्य श्रीवृद्धौ महद् योगदानं कृतम्, अतस्तयोराभारमहं हृदयेनावहामि।

अस्मिन् प्रसङ्गेऽहं मम रचनानां प्रकाशने सदैवाभिरुचिं तत्परतां च प्रदर्शयितुः राँचीस्थवेणीमाधवमुद्रणसंस्थानस्य व्यवस्थापकस्य शर्मपरिवारस्य कृपां कदापि न विस्मरिष्यामि। वस्तुतः श्रीयुदानन्दशंकरशर्मणस्तत्परतायास्तथाऽध्यवसायस्यैव फलमिदं यदियता स्वल्पसमयेनैव पुस्तकमिदमभिरम्यरूपमासाद्य प्रकाशमापद्यत। एतदर्थं स समधिकधन्यवादार्हः।

अस्य काव्यस्य रचना मया संस्कृतशिक्षार्थिनां मनसि काव्यस्य सरल-सुबोध-शैल्यां भावाभिव्यक्तेः क्षमतामुत्पाद्य तान् काव्यरचनायै समुत्साहितान् कर्तुमकारि। अहं विश्वसिमि यदस्मिन् युगे एतादृश्यो रचना उद्देश्यस्यास्य पूर्त्तौ सहायिका भविष्यन्तीति। प्लवङ्गदूतस्य निर्माणे प्रकाशने च शीघ्रता सञ्जाता। अतोऽस्मिन् वर्त्तितायामपि सावधानतायां त्रुटीनां बाहुल्यं सम्भावितमस्ति। एतदर्थमहं क्षमां प्रार्थयन्नाशासे यद् गुणैकपक्षपाते कृतधियः सुधियः स्वीये विशालहृदये किमपि स्थानं प्रदायानुग्रहीष्यन्ति लघुकृतिमिमामिति।

विदुषामाश्रवः

फा० शु० वि० सं० २०३१ वनेश्वरपाठकः

विदुषां सम्मतयः

प्रो० बलदेवप्रसाद उपाध्याय
प्राप्तावकाश सञ्चालक, अनुसन्धान-संस्थान
वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय

"विद्याविलास"
३७ बी, रवीन्द्रपुरी
दुर्गाकुण्ड, वाराणसी-५

माघ शु० १०, सं० २०३१

कविवर वनेश्वर पाठकेन निर्मितं प्लवङ्गदूताभिधानं सरसं दूतकाव्यमास्वाद्य नितान्तं प्रमोदमावहामि। प्रतिपाद्यविषयस्य नवीनता यथैव चेतश्चमत्करोति, प्रतिपादनशैली तथैव मानसमावर्जयति। कविः सुबोधशब्दैः सरलया च रीत्या प्रसादगुणान्वितया स्वीयं वक्तव्यं सरसमभिव्यनक्ति येन पाठकानां हृदयं हठादाकृष्टं संजायते। अभिनववृत्तनिबन्धनं रसान्वितमपरपि काव्य विलिख्य सुरभारती भक्त्याऽभ्यर्चनीयेति कामनाकलितोऽयं जनः कविवराय प्रभूतमाशीर्वचनपुञ्जं वितरति।

(ह०) बलदेव उपाध्याय

डॉ० रेवा प्रसाद द्विवेदी
साहित्याचार्य, एम.ए.,पी-एच.डी.,डी.लिट्

अध्यक्ष, संस्कृतसाहित्य-विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी-१

"आक्रम्य मन्दमपि विक्रममादधान—
श्छन्दस्वति प्रकृतिनिर्मलवाक्प्रबन्धे।
श्रीमान् वनेश्वरकविर्जयति प्लवङ्ग—
स्तस्यैव वा प्रणयदूतकृतौ पटिष्ठः॥१॥
प्रणयवशगान् श्रोतुं स्तोतुं च दूत्यकुतूहली
कविपरिवृढः श्रीमाञ्जीयाद् वनेश्वरपाठकः।
अकुटिल-वधूनेत्र-स्वच्छ-प्रबन्धन-मञ्चके
सरभसरसा शैलूषीव प्रणृत्यति यन्मतिः॥२॥
वनपति-कवि-मेधा-चन्द्रशालाङ्गनस्थो

जयति स निजदेशप्रीतिमुग्धः प्लवङ्गः।
अभिनव-सुरवाणी-काव्य-रत्नापणे यः
स्फटिकति विशदात्मा स्पष्टसर्वार्थसिद्धः॥३॥
गुण-शशि-शशि-मन्दाक्रान्तवृत्तः प्लवङ्गो
जयति जयति सूरेः श्रीवनेशाभिधस्य।
विमल-सरल-वाक्योल्लासि-शुद्धार्थबन्धः
सहृदयहृदये यः सिद्ध्यति क्षीरपाकः॥४॥
गुरुलघुविधिबन्धोन्मुक्त-सन्मार्ग-पान्थः
स्पृशति वनपतिर्यं पद्यबन्धं स एव।
उषसि कमलकोशा यद्वदुच्चैर्विकासी
हृदयनभसि सूते कां हि लक्ष्मीं प्रसन्नाम्॥५॥
—इति सनातनकवेर्द्विवेदिनः श्रीरेवाप्रसादस्य।

श्रीरङ्गेश्वरनाथमिश्र 'मधुरेश'
सेवानिवृत्त राजपत्रित व्याख्याता
गणपति राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, राँची।

"मनीषावन्मनोहारि पाठकोपाधिधारिणा।
कान्तिमत्काव्यकलया कालिदासानुकारिणा॥१॥
प्रकृष्टप्रतिभानश्रीवनेश्वरविपश्चिता।
कृतं प्लवङ्गदूताख्यं सव्याख्यं काव्यमद्भुतम्॥२॥
रसप्रवाहमाधुर्यं निर्दोषं गुणगुम्फितम्।
कलिताख्यानचातुर्यं सर्वालङ्कारभङ्कृतम्॥३॥
दर्शं दर्शमविश्रान्तमन्दाक्रान्ताऽमलच्छविम्।
स्वान्तः सुखानुभूत्याऽस्मिन् प्रशंसामि महाकविम्॥४॥
युगे नवे नवज्ञानसम्पत्संप्राप्तिहेतवे।
काव्यायास्मै सदा स्वस्ति साहित्याम्बुधिसेतवे॥५॥
सन्देश-साहित्य-सुधा-समुद्र-समस्त-सद्रत्न-ललामभूतम्।
सदा प्रतिस्पर्द्धितमेघदूतं प्लवङ्गदूतं महनीयमास्ते॥६॥"
—इति मधुरेशस्य।

श्रीभगवान्दत्तमिश्रः

प्राचार्यः

गणपतिराजकीय संस्कृत महाविद्यालयः, राँची।

कविवरश्रीवनेश्वरपाठकेन प्रणीतं ललितललितं कल्पनाकलितमभिनवपदगुम्फितं प्लवङ्गदूतमाद्योपान्तमधीत्य मे मनसि महान् मोदः समजनि। मन्ये मनोहरमिदं काव्यं पाठकानां हृदयावर्जकं संस्कृतशिक्षार्थिनामुदीयमानकवीनाञ्च प्रेरणादायकं विद्वत्समाजेन समादृतञ्च भविष्यति। सर्वतोभावेनाभिनन्दनीयं काव्यमिदं दूतकाव्यपरम्परायां विशिष्टं स्थानमधिगमिष्यतीति शिवं साफल्यञ्चास्य कामयमानः—

(ह०) भ० द० मिश्रः

माघशुक्लैकादशी २०३१

श्रीलम्बोदरझा,

प्रधानाचार्य

राधाकृष्ण राजकीय संस्कृतोच्चविद्यालय,

राँची, १-२-७५

"अनवद्यै र्बुधहृद्यैः पद्यैः कान्तावियोगविधुरस्य।
जाग्रत्स्वप्नमतुल्यं परिकल्प्यास्मिन् प्लवङ्गदूताख्ये।।१।।
काव्ये विद्वद्धुर्यः कविवर्यः श्रीवनेश्वरो वाण्याः।
प्रकटीकृत्य विलासं भारतमातुर्व्यधात् पूजाम्।।२।।
तत्रार्पितनिजपुष्पप्रायेणानेन खण्डकाव्येन।
कर्तुमना उपकारं संस्कारं चापि भारतीयानाम्।।३।।
निश्चप्रचमितिवक्ति प्रीतो लम्बोदरः शश्वत्।
स्वादं स्वादमुदात्तं रसमिह पुष्टं च निर्दुष्टम्।।४।।
मनुते चेदं काव्यं राज्याश्रयतां समासाद्य।
तूर्णं विद्योद्योतितहृद्विद्भिर्भवेत् पाठ्यम्।।५।।"

(ह०) लम्बोदर झा

जयति स निजदेशप्रीतिमुग्धः प्लवङ्गः ।
अभिनव-सुरवाणी-काव्य-रत्नापणे यः
स्फटिकति विशदात्मा स्पष्टसर्वार्थसिद्धः ।।३।।
गुण-शशि-शशि-मन्दाक्रान्तवृत्तः प्लवङ्गो
जयति जयति सूरेः श्रीवनेशाभिधस्य ।
विमल-सरल-वाक्योल्लासि-शुद्धार्थवन्धः
सहृदयहृदये यः सिद्ध्यति क्षीरपाकः ।।४।।
गुरुलघुविधिवन्धोन्मुक्त-सन्मार्ग-पान्थः
स्पृशति वनपतियँ पद्यवन्धं स एव ।
उषसि कमलकोशा यद्वदुच्चैर्विकासी
हृदयनभसि सूते कां हि लक्ष्मीं प्रसन्नाम् ।।५।।
—इति सनातनकवेर्द्विवेदिनः श्रीरेवाप्रसादस्य ।

श्रीरङ्गेश्वरनाथमिश्र 'मधुरेश'
सेवानिवृत्त राजपत्रित व्याख्याता
गणपति राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, राँची ।

"मनीषावन्मनोहारि पाठकोपाधिधारिणा ।
कान्तिमत्काव्यकलया कालिदासानुकारिणा ।। १।।
प्रकृष्टप्रतिभानश्रीवनेश्वरविपश्चिता ।
कृतं प्लवङ्गदूताख्यं सव्याख्यं काव्यमद्भुतम् ।।२।।
रसप्रवाहमाधुर्यं निर्दोषं गुणगुम्फितम् ।
कलिताख्यानचातुर्यं सर्वालङ्कारझङ्कृतम् ।।३।।
दर्शं दर्शमविश्रान्तमन्दाक्रान्ताऽमलच्छविम् ।
स्वान्तः सुखानुभूत्याऽस्मिन् प्रशंसामि महाकविम् ।।४।।
युगे नवे नवज्ञानसम्पत्संप्राप्तिहेतवे ।
काव्यायास्मै सदा स्वस्ति साहित्याम्बुधिसेतवे ।।५।।
सन्देश-साहित्य-सुधा-समुद्र-समस्त-सद्रत्न-ललामभूतम् ।
सदा प्रतिस्पर्द्धितमेघदूतं प्लवङ्गदूतं महनीयमास्ते ।। ६।।"
—इति मधुरेशस्य ।

श्रीभगवान्दत्तमिश्रः
प्राचार्यः
गणपतिराजकीय संस्कृत महाविद्यालयः, राँची।

कविवरश्रीवनेश्वरपाठकेन प्रणीतं ललितललितं कल्पनाकलितमभिनवपदगुम्फितं प्लवङ्गदूतमाद्योपान्तमधीत्य मे मनसि महान् मोदः समजनि। मन्ये मनोहरमिदं काव्यं पाठकानां हृदयावर्जकं संस्कृतशिक्षार्थिनामुदीयमानकवीनाञ्च प्रेरणादायकं विद्वत्समाजेन समादृतञ्च भविष्यति। सर्वतोभावेनाभिनन्दनीयं काव्यमिदं दूतकाव्यपरम्परायां विशिष्टं स्थानमधिगमिष्यतीति शिवं साफल्यञ्चास्य कामयमानः—

(ह०) भ० द० मिश्रः
माघशुक्लैकादशी २०३१

श्रीलम्बोदरझा,
प्रधानाचार्य
राधाकृष्ण राजकीय संस्कृतोच्चविद्यालय,
राँची, १-२-७५

"अनवद्यैर्बुधहृद्यैः पद्यैः कान्तावियोगविधुरस्य।
जाग्रत्स्वप्नमतुल्यं परिकल्प्यास्मिन् प्लवङ्गदूताख्ये॥१॥
काव्ये विद्वद्धुर्यः कविवर्यः श्रीवनेश्वरो वाण्याः।
प्रकटीकृत्य विलासं भारतमातुर्व्यधात् पूजाम्॥२॥
तत्रार्पितनिजपुष्पप्रायेणानेन खण्डकाव्येन।
कर्तुमना उपकारं संस्कारं चापि भारतीयानाम्॥३॥
निश्चप्रचमितिवक्ति प्रीतो लम्बोदरः शश्वत्।
स्वादं स्वादमुदात्तं रसमिह पुष्टं च निर्दुष्टम्॥४॥
मनुते चेदं काव्यं राज्याश्रयतां समासाद्य।
तूर्णं विद्योद्योतितहृद्विद्भिर्भवेत् पाठ्यम्॥५॥"

(ह०) लम्बोदर झा

स्नातकोत्तर संस्कृतशिक्षा एवम् अनुसन्धान-विभाग
राँची विश्वविद्यालय, राँची। कर्मटोली, राँची
अध्यक्ष—प्रो० दिनेशप्रसादपाण्डेय दूरभाष–२२६८९

राँचीसन्तजेवियर्सकालेजस्य प्राध्यापकेन श्रीवनेश्वरपाठकेन प्रणीतं प्लवङ्गदूतकाव्यमाद्योपान्तमवलोकितम्। अत्रत्यं भावगाम्भीर्यं भाषामाधुर्यं च हठात् पाठकानां हृदयमावर्जयति। अन्येषां दूतकाव्यानां कल्पितेषु दूतेषु केचन चेतनाः केचन चाचेतनाः परन्तु प्लवङ्गदूते दूतत्वेन कल्पितः प्लवङ्गः चेतनोऽप्यचेतनः। एतदस्य वैशिष्ट्यं व्यनक्ति। द्वितीयं वैशिष्ट्यञ्चास्ति अत्रत्यः सामान्यलोकेषु बहुप्रसिद्ध 'मारकाट' आदि सरलतमशब्दानां यथास्थानं विन्यासः। मन्ये काव्यमिदमभिनवरचनां चिकीर्षूणां कृते प्रेरणादायकं सिद्ध्येत्। अस्य सर्वथा लोकप्रियतां कामयते—

(ह०) दि० प्र० पाण्डेयः

वसन्तपंचमी, वि० सं० २०३१

पटना दिनांक ९.३.७५

पं० श्रीआद्याचरण झा
बिहार शिक्षा-सेवा
सहायक शिक्षा-निर्देशक (संस्कृत)
बिहार, पटना-१

प्रख्यातयशसः सरसकवेः प्राध्यापकस्य श्रीवनेश्वरपाठस्य 'प्लवङ्गदूतं' नाम दूतकाव्यं दृष्ट्वा साद्यन्तमेकमनसा पठित्वा च नितरां मोमुदीति मेऽन्तश्चेतः। विपद्ग्रस्तायामपि संस्कृतशिक्षाप्रणाल्यामेतादृशी नवनवोन्मेषशालिनी रचना आशाविश्वासोत्साहवर्धिका नात्र कश्चन सन्देहलवः। प्लवङ्गदूतं पठित्वा को न पुनरेकवारं कालिदासकाव्यानन्दमनुभवति? कश्चेदं कथयितुमपि शक्नोति यत् संस्कृतकाव्यधाराऽवरुद्धा वर्त्तते। सुधीसमाजैः सर्वकारैश्च सर्वथा संवर्धनीयोऽयं कविः समादरणीयमिदं काव्यं संरक्षणीया च सुरभारती। इति।

(ह०) आद्याचरण झा

भूमिका

प्राचीन साहित्य में दूतकाव्य के तत्त्व :

ऋग्वेद भारतीय साहित्य का सर्वप्राचीन ग्रन्थ है। सर्वप्रथम ऋग्वेद में ही पशु से दूत-कार्य कराने का उल्लेख मिलता है। देवराज इन्द्र ने वल नामक असुर के योद्धा पणियों के द्वारा चुराई गई बृहस्पति की गायों का पता लगाने के लिए अपनी कुतिया सरमा को भेजा है। (ऋग्वेद, मण्डल १०, अनुवाक ८, सूक्त १०८)

ऋग्वेद की एक दूसरी कथा में श्यावाश्य ऋषि ने राजा रथवीति के पास उनकी पुत्री के प्रति अपने प्रणय-संदेश तथा विवाह की प्रार्थना को रात्रि के द्वारा भेजा है। (ऋग्वेद मण्डल ५, सूक्त ६१, मन्त्र-संख्या १७-१९)

वैदिक साहित्य के बाद लौकिक साहित्य के आदिकाव्य वाल्मीकीय रामायण के किष्किन्धाकाण्ड (सर्ग ४४) तथा सुन्दरकाण्ड में हनुमत्सन्देश का वृत्तान्त मिलता है। इसमें सुग्रीव के आदेश से हनुमान् सीता का पता लगाने जाते हैं और अशोकवाटिका में सीता के पास राम का सन्देश पहुँचाकर उधर से सीता का सन्देश लेकर राम के पास लौटते हैं। रामायण के बाद महाभारत के 'नलोपाख्यान' (वनपर्व ८, अ० ५३) में हंस सन्देश का वर्णन है। इसी उपाख्यान में राजा नल भी देवताओं का दूत बनकर दमयन्ती के पास उनका सन्देश पहुँचाते हैं। श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध (अ० ४६) में गोपियों के पास उद्धव को भेजना, उद्धव के सन्देश-कथन के समय गोपियों के पास भ्रमर का आना, रास-क्रीड़ा के प्रसङ्ग में कृष्ण के विरह में गोपियों का विभिन्न वस्तुओं से कृष्ण के विषय में पूछना, ९० वें

अध्याय में द्वारकापुरी में रानियों का कुररी, चक्रवाकी, चन्द्रमा, मलयानिल, कोकिल, हंस आदि से कृष्ण के सम्बन्ध में प्रश्न करना आदि भी परवर्त्ती कवियों के विभिन्न दूतकाव्यों के आधार हैं[1]। दशम स्कन्ध (अ० ५२) में रुक्मिणी-विवाह के प्रसङ्ग में रुक्मिणी ने कृष्ण के पास एक ब्राह्मण को दूत के रूप में द्वारका भेजा है। इस कथा के आधार पर लक्ष्मणसूरि ने 'विप्रसन्देश' की रचना की है।

प्राचीन साहित्यों के अतिरिक्त भारतीय लोक-गीतों में भी पक्षियों के द्वारा चिट्ठी तथा सन्देश भेजने की परम्परा दीख पड़ती है।

वौद्ध जातकों—कलण्डुकजातक (सं० १२७), कामविलापजातक (सं० २९७), कुन्तनिजातक (सं० ३४३) आदि—में भी पक्षियों के द्वारा सन्देश भेजने की मनोरंजक कहानियाँ मिलती हैं।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्राचीन साहित्यिक रचनाओं तथा लोकगीतों में वर्णित सन्देश-प्रेषण ही परवर्त्ती कवियों की दूतकाव्य-कल्पना के प्रेरक तत्त्व हैं।

दूतकाव्य की विशेषता :—

संस्कृत-साहित्य में दूतकाव्यों को काव्य-शैली की एक महत्त्वपूर्ण विधा 'गीतिकाव्य' के अन्तर्गत रखा गया है। इसका कारण है दूत-काव्यों का गीतिप्रधान होना। "गीति की आत्मा भावातिरेक है।······ गीतियों का निर्माण उस विन्दु पर होता है, जब कवि का हृदय सुख-दुःख के तीव्र अनुभव से आप्लावित हो जाता है और वह अपनी रागात्मिका अनुभूति को अपनी हार्दिक भावना की पूर्णता के कारण

---

१. दशम स्कन्ध में—"हंस स्वागतमास्यतां पिव पयो ब्रूह्यङ्ग शौरेः कथाम्, दूतं त्वां नु विदाम कच्चिदजितः स्वस्त्यास्त उक्तं पुरा"—(अध्याय ९०।२४) इत्यादि बहुत से ऐसे प्रसङ्ग हैं जो परवर्त्ती कवियों के हंसदूत, कोकिलदूत, चन्द्रदूत, चक्रवाकदूत, पवनदूत, उद्धवदूत, भ्रमरदूत आदि दूतकाव्यों के प्रेरणा-स्रोत रहे हैं।

बाह्य अभिव्यक्ति के रूप में परिणत करता है। 'स्व' गम्य अनुभूति 'पर' गम्य अनुभूति के रूप में परिणत करने के लिए कवि जिन मधुर भावापन्न रस-सान्द्र उक्तियों का माध्यम पकड़ता है, वही होती हैं गीतियाँ।···संक्षिप्तता गीतिकाव्य का आवश्यक तत्त्व है।

गेयता भी इसी प्रकार गीति का अनिवार्य तत्त्व है। काव्य तथा संगीत—दो पृथक्-पृथक् अभिव्यक्तियाँ हैं। काव्य अपनी अभिव्यंजना के निमित्त संगीत का सहारा नहीं चाहता और संगीत भी अपने प्राकट्य के निमित्त काव्य का आलम्बन नहीं चाहता, परन्तु दैवयोग से दोनों का एकत्र समन्वय कला की दृष्टि से एक अत्यन्त उत्कृष्ट अभिव्यक्ति का रूप धारण करता है। और गीति उसका एक मधुमय मोहन स्वरूप है। इन सब तत्त्वों के सहयोग से गीति काव्य-रूपों में एक उत्कृष्ट काव्य-रूप है।[1]"

अंग्रेजी में गीतिकाव्य को 'लीरिक पोयट्री' कहते हैं। रस्किन के शब्दों में—"गीतिकाव्य कवि की निजी भावनाओं का प्रकाश होता है।[2]" सहज शुद्धभाव, स्वच्छन्द कल्पना, तर्कवाद और न्यायमूलकता से मुक्त विचार, ये ही गीतिकाव्य की वास्तविक विशेषताएँ हैं। कोमल-कान्त-पदावली के साथ संगीतमय शब्दों का प्रयोग, नारी-सौंदर्य का सुन्दर एवं स्वाभाविक वर्णन, प्रेम की मधुर अभिव्यंजना, शृंगार

---

१. प्रो० बलदेवप्रसाद उपाध्याय—संस्कृत साहित्य का इतिहास, (संस्करण १९६७) पृ० ३४८-५०।

2. "Lyric poetry is the impression by the poet of his own feelings".
(Ruskin—Lyric Drama, Lyric stage, the Opera)

"Lyric is a short poem expressing personal feelings".
(Cassell's Encyclopaedia of Literature)

"In Lyric poetry the poet gives vent to his personal emotions or expressions, his joy, sorrows, cares, complaints, aspirations, despair, or reproduces in words the impression which nature or hist, has made upon him".

(S.R. Driver—Introduction to the Literature of the old Testaments, 1891.)

की विभिन्न अवस्थाओं तथा बाह्य प्रकृति और अन्तः प्रकृति (मनोदशा) का मनोहारी चित्रण, ये गीतिकाव्य के तत्त्व हैं।[१]

काव्य-शैली की दृष्टि से गीतिकाव्य के दो भेद हैं—मुक्तक[२] और प्रबन्ध। मुक्तक काव्य पूर्वापर प्रसङ्ग-ज्ञान की अपेक्षा से मुक्त रहता है। इसके पद्य स्वतः अर्थ-बोधन तथा रस-संचार करने में समर्थ होते हैं। मुक्तक काव्य के विषय में अभिनवगुप्त ने लिखा है—'पूर्वापर-निरपेक्षणापि हि येन रस-चर्वणा क्रियते तदेव मुक्तम्।''[३] मुक्तक काव्य भी प्रबन्ध काव्य की तरह रसभावमय होते हैं। इस सम्बन्ध में आनन्दवर्धन की यह उक्ति उद्धरणीय है—''मुक्तकेषु प्रबन्धेष्विव रसबन्धाभिनिवेशिनः कवयो दृश्यन्ते। यथा ह्यमरुकस्य कवेर्मुक्तकाः शृङ्गाररसस्यन्दिनः प्रबन्धायमानाः प्रसिद्धा एव।''[४] प्रबन्धगीति काव्य सन्दर्भसापेक्ष होते हैं और उनमें कोई-न-कोई कथा अन्तर्निहित रहती है। प्रबन्ध गीतिकाव्य के उदाहरण कालिदास का 'मेघदूत' तथा इसके अनुकरण पर लिखे गए अन्य दूतकाव्य हैं। प्रबन्ध गीतिकाव्य को खण्डकाव्य माना गया है। आचार्य विश्वनाथ ने खण्डकाव्य की परिभाषा देते हुए 'मेघदूत' आदि को ही उसके उदाहरण के रूप में रखा है—''खण्डकाव्यं भवेत् काव्यस्यैकदेशानुसारि च। यथा मेघदूतादि''[५]

---

१. 'वैराग्यशतक' आदि वैराग्यमय तथा धार्मिक गीतिकाव्यों में शान्तरस का भी सुन्दर विधान किया गया है।

भारतीय गीतिकाव्य की विशेषताओं के सम्बन्ध में डॉ० रामखेलावन पाण्डेय का 'गीतिकाव्य' द्रष्टव्य है।

२. मुक्तक—मुक्त+कन्=मुक्तक। मुक्तक का अर्थ है अपने आप में सम्पूर्ण या निरपेक्ष वस्तु। ''मुक्तकमन्येनालिङ्गितम् तस्य संज्ञायां कन्।''

(ध्वन्यालोक-लोचन-टीका, ३।७)

३. ध्वन्यालोक-लोचन-टीका ३।७। लोचनकार ने 'मेघदूत' के ''त्वामालिख्य प्रणयकुपिताम्'' (उ० मे० ४२) इत्यादि श्लोक को मुक्तक काव्य के रूप में उदाहृत किया है।

४. ध्वन्यालोक ३।७।

५. साहित्यदर्पण, परि० ६, का० ३१४।

दूतकाव्य संस्कृत-काव्य-साहित्य का सर्वाधिक मनोरम अङ्ग है। विरह-व्यथा तथा प्रेम की मार्मिक अभिव्यक्ति, भौगोलिक वर्णन और सन्देश-प्रेषण, ये दूतकाव्य की प्रमुख विशेषताएँ हैं। दूतकाव्य में विप्रलम्भ शृङ्गार की प्रधानता होने के कारण उसके अनुरूप ही 'मन्दाक्रान्ता' छन्द का प्रयोग किया गया है।[1] ऐसे काव्यों में 'मदाक्रान्ता' के प्रयोग का विधान भी है—"प्रावृट्-प्रवास-व्यसने मन्दाक्रान्ता विराजते।"

दूतकाव्य का मुख्य विषय सन्देश-प्रेषण है इसलिए दूतकाव्य को सन्देश-काव्य भी कहा गया है। सन्देश-प्रेषण के लिए दूतकाव्यों में अधिकांशतः मेघ, चन्द्र, पवन, पद्म, पदाङ्क, मन आदि अचेतन पदार्थ तथा शुक, भ्रमर, पिक, काक, कोक, वक, चक्रवाक आदि अपूर्णचेतन पदार्थ ही प्रेरित किए गए हैं। केवल रूपगोस्वामी (बंगाल)-कृत 'उद्धवसन्देश', महामहोपाध्याय लक्ष्मणसूरि (मद्रास)-कृत 'विप्रसन्देश', प्रो० दिनेशप्रसाद पाण्डेय (बिहार)—कृत 'मित्रदूत' आदि कुछ ही ऐसे दूतकाव्य हैं जिनमें पूर्णचेतन पदार्थ दूत के रूप में प्रेषित किए गए हैं।

दूतकाव्यों में सन्देश-प्रेषण के अयोग्य मेघ, शुक, पवन, चन्द्र, चक्रवाक आदि वाणी-रहित तथा अव्यक्त वाणी वाले एवं दूर देशों में विचरने वाले पदार्थों को सन्देशवाहक के रूप में प्रयुक्त देखकर प्रसिद्ध आलंकारिक भामह ने ऐसे काव्यों को 'अयुक्तिमत्' दोष के अन्तर्गत रखा है।

"अयुक्तिमद् यथा दूता जलभृन्मारुतेन्दवः।
तथा भ्रमरहारितचक्रवाकशुकादयः॥

---

१. कुछ दूतकाव्य शान्तरसप्रधान भी हैं और कुछ दूतकाव्यों में मालिनी, शिखरिणी, वसन्ततिलका, शार्दूलविक्रीडित आदि छन्दों का भी प्रयोग किया गया है। (दूतकाव्यों के विवरण में यथा-स्थान इसका निर्देश किया गया है।)

अवाचोऽव्यक्तवाचश्च दूरदेशविचारिणः ।
कथं दूत्यं प्रपद्येरन्निति युक्त्या न युज्यते ।।"

(भामह-काव्यालङ्कार, १।४२-४३)

काव्य में दूत-प्रयोग के सम्बन्ध में आचार्य विश्वनाथ का भी कहना है—

"निसृष्टार्थो मितार्थश्च तथा सन्देशहारकः।
कार्यप्रेष्यस्त्रिधा दूतो दूत्यश्चापि तथाविधाः ।
उभयोर्भावमुन्नीय स्वयं वदति चोत्तरम् ।" इत्यादि ।

. (साहित्यदर्पण, कलकत्ता संस्करण, ३।५९-६०)

परन्तु कवियों ने विरह की उन्माद-दशा[1] (जिसमें असम्बद्ध प्रलाप का आधिक्य तथा चेतनाचेतन-विवेक-शून्यता रहती है) के वर्णन में उपर्युक्त नियमों का पालन नहीं किया है । उन्माद की दशा में विरही को चेतन तथा अचेतन का विवेक नहीं रहता। ऐसी स्थिति में वह अपनी विरहिणी प्रिया के विषय में किसी से पूछ सकता है और उसके पास किसी को भी दूत बनाकर भेज सकता है[2]। यही कारण है कि अधिकांश दूतकाव्यों में अचेतन मेघ आदि तथा अपूर्णचेतन पशु-पक्षी दूत बनाए गए हैं। कहीं-कहीं तो मन, भक्ति, शील जैसे भावात्मक

---

१. विरह की दस दशाओं में उन्माद की भी गणना है—"अभिलाषश्चिन्ता-स्मृतिगुणकथनोद्वेगसंप्रलापाश्च । उन्मादोऽथ व्याधिजड़तामृतिरिति दशात्र कामदशाः ॥"

(सा० द० ३।१८५)

उन्माद की विशेताएँ हैं—"चित्तसंमोह उन्मादः कामशोकभयादिभिः । अस्थान-हासरुदितगीतप्रलपनादिकृत् ।। उन्मादश्चापरिच्छेदश्चेतनाचेतनेष्वपि ।"

(सा० द० ३।१६१, १८६)

उन्माद की प्रमुख विशेषता चेतनाचेतन-विवेक-शून्यता है। विद्यानाथ ने भी लिखा है—"उन्मादस्तुल्यवृत्तित्वं चेतनाचेतनेष्वपि ।" (प्रतापरुद्रयशोभूषण, प्रक० ३)

२. वाल्मीकीय रामायण (आरण्यकाण्ड, ६१-६४ सर्ग) में सीता-हरण के बाद विरहोन्मत्त राम का वृक्षों, लताओं, पर्वतों, गोदावरीनदी और पशु-पक्षियों से सीता के विषय में प्रश्न करना वर्णित ही है। श्रीमद्भागवत में भी गोपियों की विरहदशा के वर्णन में ऐसे बहुत से प्रसङ्ग हैं।

पदार्थ भी सन्देश-वाहक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। विरहोन्माद की यह पराकाष्ठा है। दूतकाव्य के प्रथम कवि कालिदास ने भी इस प्रकार के दौत्य का समर्थन किया है। उन्होंने विरहदशा में कामार्त्त व्यक्ति की चेतनाचेतन-विवेक-शून्यता को क्षम्य माना है—"कामार्त्ता हि प्रकृतिकृपणा-श्चेतनाचेतनेषु" (मेघ० १।५)। सम्भवतः कालिदास के इस समर्थन से प्रभावित होकर ही आचार्य भामह ने यह स्वीकार कर लिया है कि यदि 'सुमेधा' (सुविद्वान्) के द्वारा इस प्रकार की कल्पना की जाती है तो वह ग्राह्य है—"यदि चोत्कण्ठया यत्तद्, उन्मत्त इव भाषते तथा भवतुभूम्नेदं सुमेधोभिः प्रयुज्यते।" (काव्यालंकार, १।४४) कालिदास ने 'मेघदूत' में मेघ के दूतत्व का समर्थन करते हुए एक ऐसे काव्य-मार्ग का दिशा-निर्देश किया है जिसका अनुसरण करने में सरस निचुल जैसे लघु कवियों को भी दिङ्नाग जैसे कटु आलोचकों (अथवा दिग्गज विद्वानों की कटु आलोचनाओं) का भय नहीं है और वे सिर ऊँचा किए हुए इस मार्ग पर अबाधगति से बढ़ रहे हैं[1]। कालिदास की इस समर्थन-पद्धति का अनुसरण प्रायः सभी कवियों ने किया है। उदा-हरणस्वरूप—

रूपगोस्वामी—"न तस्माद् दोषोऽयं यदिह विहगं प्रार्थितवती
न कस्मिन् विश्रम्भं दिशति हरिभक्तिप्रणयिता।"
(हंसदूत, श्लो० ८)

अज्ञात कवि—"युक्तायुक्तेष्वपि हि विदुषामर्थिनां नो विवेकः।"
(हंससन्देश, १।५)

श्रीवादिचन्द्र—"दूतं मोहात् पवनमहदं प्राहिणोदश्रुनेत्रः
प्रायो मोहो भवति भविनां बोधशून्यत्वहेतुः।"
(पवनदूत, १।५)

---

१. "स्थानादस्मात् सरसनिचुलादुत्पतोदङ्मुखः खं, दिङ्नागाना पथि परिहरन् स्थूलहस्तावलेपान्॥" (मे० पू० १४)

श्रीकृष्णसार्वभौम—"कन्दर्पेण व्यथितहृदयोन्मत्ततुल्या ययाचे

....

दौत्यं कर्त्तुं मुरहरपदोलक्षणं पक्ष्मलाक्षी।"

(पदाङ्कदूत, श्लो० ३)

लेखक—"इत्यौत्सुक्यादपरिकलयन् प्रार्थयत् स प्रवासी
शोकाक्रान्त्या विकृतिमयते कस्य पुंसो न बुद्धिः।"

(प्लवङ्गदूत पू० नि० श्लो० २०)

दूतकाव्य-रचना का प्रवर्त्तक मेघदूत—संस्कृत-साहित्य में दूतकाव्य अथवा सन्देश काव्य की रचना की परम्परा कालिदास के 'मेघदूत' से प्रचलित होती है। यह सर्वमान्य सत्य है कि संस्कृत में जितने दूतकाव्य या सन्देश-काव्य लिखे गये हैं वे किसी-न-किसी रूप में अवश्यमेव 'मेघदूत' के ऋणी हैं। इस प्रकार कालिदास का 'मेघदूत' संस्कृत-साहित्य का प्रथम दूतकाव्य है और कालिदास संस्कृत-साहित्य में दूतकाव्य-रचना के प्रवर्त्तक हैं।

कालिदास की मेघदूत-कल्पना का प्रेरणा-स्रोत क्या रहा होगा, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। बहुत सम्भव है उन्होंने वाल्मीकीय रामायण में वर्णित 'हनुमत्सन्देश' अथवा महाभारत के 'नलोपाख्यान' में वर्णित 'हंससन्देश' से प्रेरणा प्राप्त की हो। प्राचीन टीकाकार मल्लिनाथ के अनुसार कालिदास की मेघदूत-रचना का आधार वाल्मीकीय रामायण में वर्णित 'हनुमत्सन्देश' है। उन्होंने 'मेघदूत' के प्रथम श्लोक की टीका में लिखा है—"सीतां प्रति रामस्य हनुमत्सन्देशं मनसि निधाय मेघसन्देशं कविः कृतवानित्याहुः।" इस 'आहुः' (विद्वानों ने कहा है) से यह विदित होता है कि मल्लिनाथ के पूर्ववर्ती टीकाकारों ने भी इस आधार का उल्लेख किया है। 'इत्याख्याते पवनतनयं मैथिली-

वोन्मुखी सा' (मेघ० उ० ३७) से भी यह ज्ञात होता है कि मेघदूत-रचना के समय कालिदास का ध्यान 'हनुमत्संदेश' की ओर था[१]।

परन्तु रामायण तथा महाभारत की इन सन्देश-प्रेषण-कथाओं में चेतन पदार्थों को ही दौत्य के लिए प्रेरित किया गया है और ये चेतन पशु-पक्षी मनुष्य के समान ही सर्वेन्द्रियशक्ति-सम्पन्न हैं, यह वैदिक तथा लौकिक साहित्य की प्राचीन कथाओं से स्पष्ट हो जाता है, अतः उन्हें दूत बनाकर भेजने में उतना वैदग्ध्य नहीं दीख पड़ता। किसी अचेतन वस्तु को दूत बनाकर उसके सामने अपनी विरहोत्कण्ठा को अभिव्यक्त करना वस्तुतः मौलिक कल्पना है जिसका श्रेय कालिदास के मेघदूत को ही प्राप्त है। कालिदास ने काव्यशैली की एक नवीन विधा की उद्भावना कर संस्कृत-साहित्य के इतिहास में नवयुग की अवतारणा की है। कालिदास के 'मेघदूत' ने भारतीय मनीषा को अत्यधिक प्रभावित किया है। पाश्चात्य मनीषी भी इसकी प्रेमाभिव्यञ्जना और मानसिक अन्तर्द्वन्द्व से प्रभावित हुए बिना नहीं रहे हैं[२]। मेघदूत

---

१. कालिदास को गुप्तकालीन (चतुर्थ-षष्ठ शताब्दी) मानने वाले विद्वानों के मतानुसार बौद्धों के जातक ग्रन्थों में वर्णित सन्देश-प्रेषण-वृत्तान्त कालिदास के मेघदूत के आधार हैं। कुछ आलोचक घटखर्पर के यमककाव्य को मेघदूत की कल्पना का प्रेरक मानते हैं। इस यमककाव्य के श्लोक ८-१३ में एक विरहिणी वर्षा ऋतु के आगमन पर मेघों के द्वारा अपनी विरह-व्यथा का सन्देश अपने पति के पास भेजती हैं। (मेघदूत में पति पत्नी के पास मेघ को भेजता है किन्तु इस यमककाव्य में पत्नी पति के पास मेघ को भेजती है।) घटखर्पर विक्रमादित्य के नवरत्नों में थे और कालिदास के समकालीन थे, यह प्रसिद्धि है।

परन्तु ऐतिहासिक अन्वेषणों के आधार पर कालिदास की स्थिति खिस्तपूर्व प्रथम शताब्दी में सिद्ध हो चुकी है और विक्रमादित्य के नवरत्न-कवियों की समकालीनता सन्दिग्ध है। अतः उपर्युक्त बातें माननीय नहीं हैं।

२. जर्मन विद्वान् गेटे ने 'मेघदूत' के विषय में लिखा है :—"The first acquaintance with this work made an epoch in our life."

फ्रांस के श्री एम० फाचे का कहना है—"There is nothing as perfect in the elegiac literature of Europe as the *Meghaduta* of Kalidasa."

की इस विलक्षणता तथा लोकप्रियता का ही यह फल है कि संस्कृत-साहित्य में इसके अनुकरण पर अनेकों दूतकाव्य लिखे जा चुके हैं और लिखे जा रहे हैं।

परन्तु आश्चर्य की बात है कि 'मेघदूत' की इतनी प्रसिद्धि होने पर भी उसके परवर्ती साहित्य में १२वीं शताब्दी से पहले का कोई दूतकाव्य उपलब्ध नहीं है। प्रथम आलंकारिक भामह (सप्तम शताब्दी) ने मेघ, शुक, चन्द्र आदि को दूत बनाकर सन्देश प्रेषित करने वाले काव्यों को 'अयुक्तिमत्' दोष के अन्तर्गत रखा है। इससे विदित होता है कि भामह के समय तक ऐसे काव्यों की रचना हो चुकी थी। भवभूति (अष्टम शताब्दी का पूर्वार्द्ध) ने 'मालतीमाधव'[1] में माधव के द्वारा मालती के पास मेघ को दूत बनाकर भेजने की कल्पना का अनुसरण किया है। ९वीं शताब्दी में आचार्य जिनसेन ने पार्श्वाभ्युदय[2] में समस्यापूर्त्ति के रूप में सम्पूर्ण मेघदूत को समावेशित किया है। इन बातों से परवर्ती साहित्य पर 'मेघदूत' का प्रभाव परिलक्षित होता है और साथ ही यह भी ज्ञात होता है कि १२वीं शताब्दी से पहले भी दूतकाव्य लिखे गए होंगे। मेघदूत के बाद उपलब्ध दूतकाव्यों में १२वीं शताब्दी में लिखा हुआ धोयी कवि का 'पवनदूत' ही प्रथम दूतकाव्य है।

मेघदूत के बाद प्रथम दूतकाव्य :—

मेघदूत के बाद लिखे गए दूतकाव्यों में सबसे प्राचीन धोयी कवि का 'पवनदूत' है। धोयी कवि बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन (१२वीं शताब्दी) के सभाकवि थे। 'पवनदूत' के १०४ मन्दाक्रान्ता

---

१. मालतीमाधव, अङ्क ९, श्लोकसंख्या २५-२६। ये दोनों श्लोक 'मन्दाक्रान्ता' छन्द में ही हैं।

२. 'पार्श्वाभ्युदय' के ३६४ श्लोकों में पार्श्वनाथ के जीवन-चरित का वर्णन है। सभी श्लोक 'मन्दाक्रान्ता' छन्द में हैं। इसमें मेघदूत के शृङ्गाररसात्मक काव्य को शान्तरस में परिणत करने की चेष्टा की गई है।

श्लोकों में दक्षिण भारत की कुवलयवती नामक गन्धर्व-कन्या ने राजा लक्ष्मणसेन के पास पवन के द्वारा अपना सन्देश भेजा है।

प्रायः सभी विद्वान् धोयी के 'पवनदूत' को ही मेघदूत की शैली पर रचित दूतकाव्यों में सर्वप्रथम रचना मानते हैं। परन्तु प्रो० बलदेव-प्रसाद उपाध्याय की धारणा इसके विपरीत है। वे जम्बूकवि द्वारा रचित 'चन्द्रदूत'[1] को ही मेघदूत के बाद का प्रथम दूतकाव्य मानते हैं। उनका कहना है कि 'चन्द्रदूत' के टीकाकार शान्तिसूरि का समय ११वीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध है (मृत्युकाल १०४० ई०), अतः जम्बूकवि का समय १०वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध निश्चय रूप से सिद्ध होता है[2]। यह काव्य मालिनी छन्द के २३ पद्यों में ही समाप्त है। इसके प्रत्येक पद्य में यमक अलंकार का चमत्कार दीख पड़ता है।

कालिदासोत्तर दूतकाव्य (वर्णानुक्रम विवरण) :—

(१) अनिलदूतम्[3] : इसके रचयिता भटट्पल्ली (बंगाल) के निवासी रामदयालु तर्करत्न हैं। इसमें विरहिणी गोपियों ने मथुरा में कृष्ण के पास अनिल (वायु) के द्वारा अपना सन्देश भेजा है।

(२) अमरसन्देशः[4] : विशेष विवरण अप्राप्य।

(३) इन्द्रदूतम्[5] : लेखक विनयविजयगणि, रचना-काल १७वीं

---

१. डॉ० जतीन्द्र विमल चौधुरी (जे० बी० चौधुरी) के सम्पादकत्व में कलकत्ता से १९४१ ई० में प्रकाशित।

२. प्रो० बलदेवप्रसाद उपाध्याय—संस्कृत साहित्य का इतिहास, संस्करण १९६८ ई०, पृ० ३५५।

परन्तु आफ्रेच ने धोयी के 'पवनदूत' को ही मेघदूत के अनुकरण पर रचित काव्यों में सर्वप्राचीन माना है। 'पवनदूत' का प्रकाशन मनमोहन चक्रवर्त्ती ने बंगाल एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता से किया था।

३. कलकत्ता प्राच्यवाणीमन्दिर, संस्कृतदूतकाव्यमाला, पृ० १४२।

४. दक्षिण भारत के निजी पुस्तकालयों के हस्तलिखित संस्कृत ग्रन्थों की सूची, भाग २, सं० ७८०५, मद्रास।

५. जैन-साहित्य-वर्द्धक-सभा, शिरपुर से १९४६ ई० में प्रकाशित।

शताब्दी का उत्तरार्ध, श्लोक सं० १३१, मन्दाक्रान्ता छन्द। इस काव्य में कवि ने जोधपुर से चन्द्रमा को दूत बनाकर सूरत में रहने वाले अपने गुरु के पास अपनी श्रद्धा-भक्ति एवं अपने चरित्र-पालन का सन्देश भेजा है।

(४) उद्धवदूतम् : लेखक पालितनगर (बंगाल) निवासी माधव-कवीन्द्रभट्टाचार्य (माधवशर्मा), रचना-काल १९वीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध, श्लोक सं० १४१, छन्द मन्दाक्रान्ता। यह काव्य रूपगोस्वामी के 'उद्धव-सन्देश' के आधार पर लिखा गया है[1]।

(५) : उद्धवसन्देश[2] : १६वीं शताब्दी में चैतन्य महाप्रभु के शिष्य वैष्णव कवि रूपगोस्वामी ने इसकी रचना की है। इसमें मन्दाक्रान्त छन्द में १४१ श्लोक हैं। इस काव्य में श्रीकृष्ण ने मथुरा से गोपियों के पास उद्धव के द्वारा सन्देश भेजा है। इसका आधार श्रीमद्भागवत (स्कन्ध १०।४६) में वर्णित उद्धव-सन्देश है। रूपगोस्वामी ने 'हंसदूत' नामक एक दूसरे दूतकाव्य की भी रचना की है।

(६) कपिदूतम् : ढाका युनिवर्सिटी लाइब्रेरी, हस्तलिखित-ग्रन्थ सं० ९७५ बी।

(७) काकदूतम्[3] : इसके रचयिता बंगाली कवि गौरगोपालशिरोमणि हैं। इसमें राधा ने मथुरा में कृष्ण के पास कौए से सन्देश भेजा है।

(८) कीरदूतम्[4] : इसके रचयिता रामगोपाल नवद्वीप (बंगाल)

---

१. उद्धवदूत का प्रकाशन कलकत्ता से १८८८ ई० में—जीवानन्द विद्यासागर द्वारा काव्य-संग्रह, प्रथम भाग, तृतीय संस्करण, पृ० ५३१-५९५ पर हुआ है।

२. उपर्युक्त प्रकाशन, भाग ३, पृ० २१५-२७५।

३. बंगीयदूतकाव्येतिहास पृ० ९७।

४. म० म० हरप्रसादशास्त्री द्वारा संकलित संस्कृत-हस्तलिखित-ग्रन्थों की सूची भाग १ पृ० ३९, सं० ६७।

के राजा कृष्णचन्द्र के सभाकवि थे। इसमें गोपियों ने मथुरा में कृष्ण के पास तोते से सन्देश भेजा है। वेदान्तदेशिक के पुत्र वरदार्यार्य ने भी 'कीरदूतम्' की रचना की है। मैसूर की गुरुपरम्परा में इसका उल्लेख है।

(९) कृष्णदूतम्:[१] लेखक नृसिंहकवि। नृसिंहकवि ने 'कोकिल सन्देश' की भी रचना की है।

(१०) कोकिलदूतम्: १८वी शताब्दी के आरम्भ में शान्तिपुर (बंगाल) के निवासी हरिदास ने इसकी रचना की है। इसमें १०० मन्दाक्रान्ता पद्यों में राधा ने मथुरा में कृष्ण के पास कोयल के द्वारा सन्देश भेजा है।

(११) कोकसन्देश[२]: लेखक विष्णुत्रात।

(१२) (क) कोकिलसन्देश[३] :—१५वीं शताब्दी में उत्तर अर्काटनिवासी रङ्गनाथ के पुत्र उद्दण्ड कवि ने इसकी रचना की है। इसमें काञ्ची के एक प्रेमी ने केरल स्थित अपनी प्रेमिका के पास कोयल के द्वारा अपना सन्देश भेजा है। कहा जाता है कि वासुदेव कवि (कालिकट के राजा रविवर्मा के सभाकवि) ने उद्दण्डकवि के पास अपना 'भृङ्गसन्देश' भेजा था, जिसके उत्तर में उद्दण्डकवि ने 'कोकिलसन्देशः, की रचना की थी।

(ख) कोकिलसन्देशः[४] :—नृसिंहकवि।

(ग) कोकिलसन्देशः[५] :—वेदान्तदेशिक के पुत्र वरदाचार्य द्वारा प्रणीत।

---

१. मद्रास, अद्यार पुस्तकालय की हस्तलिखित पुस्तकों की सूची, भाग २, सं० ४।
२. त्रिवेन्द्रम् संस्कृत सीरीज से १९३७ ई० में प्रकाशित, ग्रन्थ सं० १२५।
३. मङ्गलोदयम् प्रेस, त्रिचूर से १९३९ ई० में प्रकाशित।
४. मद्रास, अद्यार पुस्तकालय, सूची, भाग २, सं० ५।
५. मैसूर की गुरुपरम्परा में इसका उल्लेख है।

(घ) कोकिलसन्देशः[1]—वेंकटाचार्य द्वारा प्रणीत।

(ङ) कोकिलसन्देशः[2]—गुणवर्धन-रचित।

(१३) (क) गरुड़सन्देशः[3]—लेखक वेल्लंकोड रामराय।

(ख) गरुड़सन्देशः—कोच नरसिंहाचार्य (तिरुपति) द्वारा रचित।

(१४) गोपीदूतम्[4]:—बंगाली कवि लम्बोदरवैद्य-रचित। इसमें वृन्दावन की गोपियों ने मथुरा में कृष्ण के पास एक गोपी को दूती के रूप में भेजा है।

(१५) (क) चकोरसन्देशः[5]—लेखक पेरुसूरि। इसमें कोई विरही अपनी विरहिणी के पास चकोर द्वारा सन्देश भेजता है।

(ख) चकोरसन्देशः—लेखक वासुदेवकवि।

(ग) चकोरसन्देशः[6]—वेंकटकवि-प्रणीत।

(१६) चकोरदूतम्—आधुनिक कृति। विहार के कवि वाणीश झा द्वारा रचित।

(१७) (क) चन्द्रदूतम्[7]—जम्बूकवि-रचित।

(ख) चन्द्रदूतम्[8]—विनयप्रभाद्वारा रचित।

(ग) चन्द्रदूतम्[9]—१८वीं शताब्दी के मध्यभाग में गोपीकान्त चट्टोपाध्याय के पुत्र श्रीकृष्णतर्कालंकार ने इसकी रचना की है। इसमें हनुमान के द्वारा सीता की सूचना पाकर राम ने लङ्का-स्थित सीता के

---

१. बर्नेल—संस्कृत ग्रन्थ-इन्डेक्स, पैलेस लाइब्रेरी तंजौर, पृ० १५७।

२. सीलोन ऐन्टिक्वेरी, भाग ४, पृ० १११।

३. कृष्णमाचारियर—संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ० ३३३।

४. कलकत्ता प्राच्यवाणीमन्दिर, संस्कृत.दूतकाव्य-माला, पृ० १४२।

५. बर्नेल—संस्कृत-ग्रन्थ-इन्डेक्स, पैलेस लाइब्रेरी, तंजौर, पृ० १५८।

६. ख-ग पुस्तकों के लिए ओरियन्टल मैनस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी मद्रास, संस्कृत-हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची सं० २४६ द्रष्टव्य।

७. भूमिका, 'मेघदूत के बाद प्रथम दूतकाव्य' द्रष्टव्य।

८. पीटर्सन की रिपोर्ट (बंबई क्षेत्र), भाग ३, सं० २६२।

९. हरप्रसादशास्त्री द्वारा संकलित संस्कृत हस्तलिखित-ग्रन्थों की सूची, भाग २, पृ० ५०, सं० ६१।

पास चन्द्रमा को दूत बनाकर भेजा है। श्रीकृष्णतर्कालंकार ने मम्मट के काव्यप्रकाश पर टीका लिखी है।

(घ) **चन्द्रदूतम्**[1]—विमलकीर्तिगणि-रचित।

(१८) **चातकसन्देश:**[2]—लेखक अज्ञात। इस काव्य के १४१ श्लोकों में एक ब्राह्मण के द्वारा चातक को दूत बनाकर त्रिवेन्द्रम् के महाराज राजवर्मा के पास, उनका अनुग्रह प्राप्त करने के लिए भेजा गया है।

(१९) **चेतोदूतम्**[3]—लेखक अज्ञात। इसमें १२९ पद्य हैं। इसमें एक शिष्य ने अपने मन को दूत बनाकर अपने गुरु के पास भेजा है।

(२०) **जैनमेघदूतम्**[4]—१५वीं शताब्दी में जैन कवि मेरुतुङ्ग (सम्भवत: प्रबन्धचिन्तामणि के रचयिता मेरुतुङ्गाचार्य से भिन्न) ने इसकी रचना की है। इसमें बाइसवें तीर्थङ्कर श्रीनेमिनाथ की पत्नी ने मेघ को दूत बनाकर श्रीनेमिनाथ के पास भेजा है। इसमें चार सन्धियाँ हैं जिनमें क्रमश: ५०, ४९, ५५ और ४२ श्लोक हैं।

(२१) (क) **तुलसीदूतम्**[5]—श्रीवैद्यनाथ भट्टाचार्य (वैद्यनाथ-द्विज) ने इसकी रचना की है। रचना-काल १७वीं शताब्दी (सं० १७०६) है। इसमें गोपियों ने तुलसी के पत्ते को दूत बनाकर मथुरा में कृष्ण के पास भेजा है।

(ख) **तुलसीदूतम्**—रचयिता त्रिलोचन शर्मा (वंगीय), रचनाकाल १८वीं शताब्दी का आरम्भ। इसमें गोपियों ने कृष्ण के पास सन्देश पहुँचाने के लिए तुलसी-वृक्ष से प्रार्थना की है।

---

१. जिनदत्तसूरि ज्ञान-भण्डार सूरत से वि० सं० २००९ में प्रकाशित।

२. जर्नल ऑफ दि रॉयल एसोशियाटिक सोसायटी बंगाल, १८८१, पृ० ४५१।

३. जैन आत्मानन्दसभा, भावनगर से वि० सं० १९७० में प्रकाशित।

४. जैन-आत्मानन्दसभा, भावनगर से वि० सं० १९८० में प्रकाशित।

५. क-ख दोनों पुस्तकों के लिए कलकत्ता प्राच्यवाणीमन्दिर ग्रन्थ-संग्रह, सं० १३७ द्रष्टव्य।

(२२) दात्यूहसन्देशः[1]—लेखक श्रीनारायण कवि। इसमें दात्यूह (जलकाक=जलकौआ) पक्षी को दूत बनाया गया है।

(२३) नेमिदूतम्[2]—१४वीं शताब्दी में जैन कवि विक्रम ने इसकी रचना की है। इसमें १२३ श्लोक हैं जिनमें 'मेघदूत' के प्रत्येक पद्य का अन्तिम चरण समस्यापूर्त्ति के रूप में समाविष्ट है। इस काव्य का विषय जैनमेघदूत (सं० २०) के समान ही है।

(२५) पद्मदूतम्[3]—लेखक वंगकवि श्रीसिद्धनाथ विद्यावागीश (सिद्धनाथ विप्र)। इसमें सेतु-बन्धन के लिए समुद्र-तट पर स्थित राम के पास सीता ने एक कमल को दूत के रूप में भेजा है।

(२५) पदाङ्कदूतम्[4]—इसके रचयिता नवद्वीप के राजा कृष्णचन्द्र के पिता राजा रघुराम के सभा-पण्डित न्यायशास्त्र के विख्यात विद्वान् श्रीकृष्ण सार्वभौम हैं। रचना-काल १८वीं शताब्दी है। इसमें विरहिणी राधा ने मथुरा में श्रीकृष्ण के पास उनके पदाङ्क (पद-चिह्न) को दूत के रूप में भेजा है। इसका पद्यानुवाद (बंगला में) श्री जयकाली भट्टाचार्य ने सुरेन्द्रनाथदास, वाणीरूपा प्रेस, मनमोहनवसु स्ट्रीट, कलकत्ता से प्रकाशित किया है।

(२६) (क) पवनदूतम्[5]—धोयी कवि-कृत। (भूमिका-'मेघदूत के बाद प्रथम दूत काव्य' द्रष्टव्य)

(ख) पवनदूतम्[6]—वादिचन्द्रसूरि ने भी 'पवनदूत' की रचना

---

१. त्रावणकोर का हस्तलिखित संस्कृत-ग्रन्थों का सूचीपत्र, सं० १९५।

२. जैनप्रेस कोठा से प्रकाशित।

३. १९२५ ई० में कलकत्ते से प्रकाशित। इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी कैटालाग, पृ० १८२६ (१८६८) में सूचित।

४. प्रथम प्रकाशन—जीवानन्द विद्यासागर के काव्य-संग्रह, भाग १, संस्क० ३, पृ० ५०७-५३० पर कलकत्ता से १८८८ ई० में हुआ था।

५. श्रीचिन्ताहरण चक्रवर्त्ती द्वारा सम्पादित। संस्कृत-साहित्य-परिषद्, श्याम-बाजार कलकत्ता द्वारा १९२६ ई० में प्रकाशित।

६. हिन्दी-जैन-साहित्य-प्रसारक कार्यालय, बंबई से १९१४ ई० में प्रकाशित।

की है। इसका रचना-काल १७वीं शताब्दी है। इसमें उज्जयिनी के राजा विद्यानरेश ने रानी तारा के पास पवन के द्वारा सन्देश भेजा है।

(ग) पवनदूतम्[1]—लेखक श्री जी० वी० पद्मनाम।

(२७) पादपदूतम्[2]—इसकी रचना नवद्वीप-निवासी गोपेन्द्रनाथ गोस्वामी ने की है। इस काव्य का दूसरा नाम 'गौरविष्णुप्रियासंवाद' है।

(२८) पान्थदूतम्[3]—इसके रचयिता टिकुरी (बंगाल) निवासी भोलानाथ ब्राह्मण हैं। इसमें गोपियों ने मथुरागामी किसी पथिक को दूत के रूप में कृष्ण के पास भेजा है। इसमें शार्दूलविक्रीडित छन्द में १०५ पद्य हैं।

(२९) (क) पिकदूतम्[4]—१५वीं शताब्दी के अन्त में विद्यानिवास के पुत्र रुद्रन्यायवाचस्पति (काशी-निवासी, विख्यात बंगाली नैयायिक) ने इसकी रचना की है। इसमें ३१ शार्दूलविक्रीडित पद्यों में गोपियों ने कृष्ण के पास कोयल के द्वारा अपना सन्देश भेजा है। श्रीवाचस्पति ने 'भ्रमरदूत' की भी रचना की है।

(ख) पिकदूतम्[5]—अम्बिकाचरण देवशर्मन्-कृत।

(ग) पिकदूतम्[6]—लेखक अज्ञात।

(३०) (क) पिकसन्देशः—दधीचि ब्रह्मदेवशर्मन् द्वारा रचित।

---

१. श्री कृष्णमाचारियर—संस्कृत-साहित्य का इतिहास, पृ० २७५।

२. नवद्वीप कान्ति प्रेस से १९३४-३५ ई० में प्रकाशित।

३. कलकत्ता--प्राच्यवाणीमन्दिर से संस्कृत-दूत-काव्य-माला, भाग ६, पर १९४९ में प्रकाशित।

४. कलकत्ता—प्राच्यवाणीमन्दिर से संस्कृत-दूत-काव्य-माला, भाग २, पर १९४५ ई० में प्रकाशित, ग्रन्थ सं० १४७।

५. कलकत्ता—प्राच्यवाणीमन्दिर, संस्कृत-दूत-काव्य-माला, पु० सं० १४२।

६. श्रीचिन्ताहरण चक्रवर्ती-कलकत्ता के निजी पुस्तकालय में हस्तलिखित प्रति सुरक्षित।

इसमें कोयल ने मधुमक्खी को दूती बनाकर कवि के पास भेजा है। इसमें भारत की शोचनीय दशा का वर्णन है।

(ख) **पिकसन्देशः**—रङ्गनाथाचार्य-कृत। श्रीरंगम् से प्रकाशित।

(ग) **पिकसन्देशः**—तिरुपति-निवासी श्रीनिवासाचार्य के पुत्र कोच नरसिंहाचार्य-कृत। तिरुपति से प्रकाशित।

(३१) **बुद्धिसन्देशः**[१]—श्रीसुब्रह्मण्यसूरि-कृत।

(३२) **भक्तिदूम्**[२] (अथवा-भक्तिदूती)—इसके रचयिता कालीप्रसाद शर्मा हैं। इसमें कवि ने भक्ति को दूती बनाकर अपनी मानी हुई वल्लभा माया के पास भेजा है। इसमें केवल २३ पद्य हैं।

(३३) **भृङ्गदूतम्**[३]—शतावधान कवि कृष्णदेव-रचित।

(३४) **भृङ्गसन्देशः**[४]—लेखक वासुदेवकवि। (संख्या १२ द्रष्टव्य)

(३५) **भ्रमरदूतम्**[५]—लेखक रुद्रन्यायवाचस्पति (न्यायपञ्चानन), रचना-काल १५वीं शताब्दी का अन्त। इसमें १२५ श्लोकों में राम ने माल्यवान् पर्वत से अशोकवाटिका में सीता के पास भ्रमर-द्वारा अपना सन्देश भेजा है। हनुमान् द्वारा सीता की सूचना पाकर विरह-व्यथित राम ने सीता को अपनी मनोव्यथा सूचित करने के लिए भ्रमर को दूत के रूप में प्रेषित किया है। यह काव्य जम्बूकवि के 'चन्द्रदूत' के अनुकरण पर लिखा गया है। श्रीरुद्र ने 'पिकदूत' की भी रचना की है। (सं० २९ क द्रष्टव्य)

(३६) **भ्रमरसन्देशः**[६]—लेखक श्रीमहालिङ्गशास्त्री एम० ए०, बी०

---

१. श्रीकृष्णमाचारियर—संस्कृत-साहित्य का इतिहास, पृ० ३८ पर उल्लिखित।

२. आर० एल० मित्र की संस्कृत-हस्तलिखित-ग्रन्थों की नोटिस, भाग ३, पृ० २७, सं० १०५१।

३. नागपुर विश्वविद्यालय पत्रिका, सं० ३, दिसम्बर १९३७ ई० में प्रकाशित।

४. त्रिवेन्द्रम् संस्कृत सीरीज से १९३७ ई० में प्रकाशित ग्रन्थ सं० १२८।

५. डॉ० जतीन्द्रविमल चौधुरी द्वारा कलकत्ते से १९४० ई० में प्रकाशित।

६. साहित्य चन्द्रशाला तिरुवालंगदु (तंजौर) से १९५४ ई० में प्रकाशित।

एल०, वकील, मद्रास। इसमें इन्द्र ने भ्रमर को दूत बनाकर इन्द्राणी के पास भेजा है।

(३७) **मधुकरदूतम्**—कोंतडिपट्रि (दक्षिण भारत) के निवासी चक्रवर्त्ती श्रीराजगोपाल (सेन्ट्रल कॉलेज, बंगलौर के संस्कृत-विभागाध्यक्ष, १९२२–३४ ई०) द्वारा रचित ।

(३८) **मधुरोष्ठसन्देशः**[1]—विशेष विवरण अप्राप्त ।

(३९) (क) **मनोदूतम्**[2]—१५वीं शताब्दी के अन्त में चैतन्यदेव के मामा विष्णुदास ने इसकी रचना की है। इसमें वसन्ततिलका छन्द में १०१ श्लोक हैं जिनमें कृष्णभक्त कवि विष्णुदास ने कृष्ण के पास अपने मन को दूत के रूप में भेजकर अपने पापों के निवारणार्थ कृष्ण से प्रार्थना की है।

(ख) **मनोदूतम्**[3]—१६वीं शताब्दी के प्रारम्भ में विष्णुदास के वंशधर[4] अथवा प्रिय शिष्य रामराम शर्मा भी 'मनोदूत' की रचना की है। विष्णुदास के मनोदूत के समान इसमें भी मन को दूत बना कर कृष्ण के पास भेजा गया है।

अन्य दूतकाव्यों से इसमें विशेषता यह है कि यह काव्य परिच्छेदों में विभक्त हैं और इसमें शार्दूलविक्रीडित, शिखरिणी, पज्झटिका प्रभृति अनेक छन्दों का प्रयोग किया गया है।

(ग) **मनोदूतम्**[5]—वि० सं० १८१४ में तैलङ्ग व्रजनाथ द्वारा

---

१. ओरियन्टल लाइब्रेरी, मैसूर की संस्कृत-हस्तलिखित-ग्रन्थों की सूची ग्रन्थ-संख्या २५१।

२. श्रीचिन्ताहरण चक्रवर्त्ती द्वारा सम्पादित तथा संस्कृत-साहित्य-परिषद् श्याम बाजार, कलकत्ता से १९३७ ई० में प्रकाशित ।

३. वंगीय-साहित्य-परिषद् कलकत्ता के पुस्तकालय में ग्रन्थसंख्या १२८२ के रूप में हस्तलिखित प्रति सुरक्षित ।

४. अपने काव्य में रामराम शर्मा ने अपने को विष्णुदास का वंशधर बताया है।

५. निर्णयसागर प्रेस, बंबई से काव्यमाला, पु० ३१ के रूप में प्रकाशित ।

रचित। द्रौपदी ने चीरहरण के समय अपने मन को दूत बनाकर श्रीकृष्ण के पास भेजा है।

(घ) **मनोदूतम्**—इन्दिरेशभट्ट-कृत। हरिहरभट्ट के 'हृदयदूत' के साथ प्रकाशित। चुन्नीलाल बुकसेलर, बड़ामन्दिर, मूलेश्वर, बम्बई में उपलब्ध।

(ङ) **मनोदूतम्**[1]—

(च) **मनोदूतम्**—ये दोनों (ङ-च) 'मनोदूत' स्वल्प परिचित हैं। इनमें आत्मा और जीव का सम्बन्ध दिखाया गया है। सम्भवतः ये जैनाचार्यों की रचनाएँ हैं।

(४०) **मयूखदूतम्**[2]—प्रो० रामाशिष पाण्डेय-कृत। आधुनिक कृति।

(४१) (क) **मयूरसन्देशः**—उदयकवि-रचित। डॉ० सी० कुन्हन राजा द्वारा सम्पादित तथा ओ० वी० ए० पूना से १९४४ ई० में प्रकाशित।

(ख) **मयूरसन्देशः**[3]—रंगाचार्य-कृत।

(ग) **मयूरसन्देशः**[4]—लेखक अज्ञात।

(घ) **मयूरसन्देशः**[5]—श्रीनिवासाचार्य-कृत। मद्रास से प्रकाशित।

(४२) **मयूरदूतम्**—मुनि श्रीधुरन्धर विजय-कृत। यह एक जैन काव्य है।

---

१. (ङ,च) दोनों पुस्तकों के सम्बन्ध में श्वेताम्बर जैन-ग्रन्थावली, पृ० ३३२ द्रष्टव्य।

२. 'मयूखदूतम्' के रचयिता प्रो० रामाशिष पाण्डेय मारवाड़ी कॉलेज, राँची के संस्कृत-विभागाध्यक्ष हैं। इस काव्य में १११ मन्दाक्रान्ता पद्य हैं जिनमें एक अनुसन्धाता छात्र ने इङ्गलैंड में अपनी प्रेयसी के पास मयूख (सूर्य-किरण) को दूत के रूप में प्रेषित किया है। इस काव्य में पटना से इङ्गलैंड तक के महत्त्वपूर्ण स्थानों का वर्णन है। इसका प्रकाशन 'श्यामप्रकाशन' नालन्दा, बिहार से १९७४ ई० में हुआ है।

३. मद्रास, अद्यार लाइब्रेरी, हस्तलिखित-ग्रन्थ-सूची, भाग २, पृ० १३०।

४. ओरियन्टल लाइब्रेरी मद्रास, संस्कृत-हस्तलिखित-ग्रन्थ-सूची, भाग ४, सं० ४२९८।

५. वि० सं० २००० में अहमदाबाद से प्रकाशित।

(४३) (क) **मानससन्देशः**[1]—श्रीविज्ञसूरि वीर राघवाचार्य-कृत। आधुनिक कृति।

(ख) **मानससन्देशः**—पचयप्पा कॉलेज मद्रास के संस्कृत प्राध्यापक महामहोपाध्याय श्री लक्ष्मणसूरि द्वारा रचित। आधुनिक कृति।

(४४) **मारुतसन्देशः**—लेखक अज्ञात। मद्रास से प्रकाशित।

(४५) **मित्रदूतम्**—प्रो० दिनेशप्रसाद पाण्डेय (राँची विश्वविद्यालय-संस्कृत विभागाध्यक्ष) द्वारा रचित। आधुनिक कृति। श्लोक सं० ९९।

(४६) **मुद्गरदूतम्**—महामहोपाध्याय रामावतार शर्मा (विहार) द्वारा रचित। यह एक व्यङ्ग्यविनोदपूर्ण काव्य है। (आधुनिक कृति)।

(४७) **मेघदूतम्**—महाकवि कालिदास-रचित।

(४८) **मेघदौत्यम्ः**[2]—पावना (बंगाल) निवासी त्रैलोक्यमोहन गुहनियोगी कविकीर्त्ति द्वारा रचित। इसमें 'मेघदूत' की यक्षिणी ने उसी मेघ के द्वारा कुवेर के पास अपने पति की मुक्ति के लिए प्रार्थना-सन्देश भेजा है जिस पर प्रसन्न होकर कुवेर ने उसे मुक्त कर दिया है। दूतकाव्यों में 'मेघदौत्य' सर्वाधिक दीर्घ ग्रन्थ है।

(४९) **मेघप्रतिसन्देशः**[3]—मन्दिकल रामशास्त्री कविरत्न द्वारा रचित। इसमें 'मेघदूत' की यक्षिणी ने उसी मेघ की प्रतिदूत के रूप में यक्ष के पास भेजा है।

(५०) **मेघदूतसमस्यालेखः**—इसके रचयिता आचार्य मेघविजय हैं। इन्होंने 'हमकौमुदी' नामक व्याकरण-ग्रन्थ की रचना की है जिसे भट्टोजिदीक्षित की 'सिद्धान्तकौमुदी' का आदर्श समझा जाता है। इसका

---

१. ओरियन्टल मैनस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी मद्रास, ग्रन्थ-सं० २९६४।
२. कलकत्ता से १९०९ ई० में प्रकाशित।
३. गवर्नमेंट प्रेस, मैसूर से १९२३ ई० में प्रकाशित।

रचना-काल १६६९ ई० है। 'मेघदूतसमस्यालेख' में कवि ने मेघ को दूत बनाकर अपने गुरु विजयप्रभसूरि के पास भेजा है। इसके पद्यों में 'मेघदूत' के पद्यों के चतुर्थ चरण समस्या-पूर्त्ति के रूप में रखे गए हैं।

(५१) **रथाङ्गदूतम्**[१]—लेखक अज्ञात।

(५२) **वकदूतम्**[२]—महामहोपाध्याय अजितनाथ न्यायरत्न-कृत। इसमें कोई मधुकरी अपने प्रियतम मधुकर के पास वक (बगुले) को दूत के रूप में भेजती है।

(५३) **वाङ्मण्डनगुणदूतम्**[३]—इसके रचयिता श्रीवीरेश्वर हैं। इसमें कवि ने अपने सूक्त गुणों को दूत बनाकर एक राजा के पास उसका आश्रय पाने के लिए भेजा है।

(५४) **वातदूतम्**[४]—कृष्णनाथ न्यायपञ्चानन द्वारा रचित। इसमें सीता ने अशोकवाटिका से राम के पास वायु को दूत बनाकर भेजा है।

(५५) **विटदूतम्**—विशेषविवरण अप्राप्त। इसकी एक प्रति आर्य लाइब्रेरी विजयापट्टम् में उपलभ्य है।

(५६) (क) **विप्रसन्देशः**[५]—इसके रचयिता महामहोपाध्याय श्रीलक्ष्मणसूरि हैं। इसमें रुक्मिणी ने एक वृद्ध ब्राह्मण को अपना सन्देश-वाहक बनाकर कृष्ण के पास भेजा है। इसकी कथा श्रीमद्भागवत-रुक्मिणी-विवाह-प्रसङ्ग (१०।५२) पर आधृत है।

(ख) **विप्रसन्देशः**[६]—लेखक कोचुन्नि तंबिरन, क्रैंगनोर-निवासी।

---

१. अद्यार लाइब्रेरी मद्रास, हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची, भाग २१ सं० १६।
२. कलकत्ता प्राच्यवाणीमन्दिर, हस्तलिखित-ग्रन्थ-संग्रह सं० १४३ (१४७)।
३. डॉ० जे० बी० चौधुरी के द्वारा कलकत्ते से १९४१ ई० में प्रकाशित।
४. इलिशियम प्रेस, नं० ९ काशीघोष मार्ग, कलकत्ता से वि० सं० १९७० में प्रकाशित।
५. पूर्णचन्द्रोदय प्रेस, तंजौर से १९०६ ई० में प्रकाशित।
६. श्रीकृष्णमाचारियर—संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ० २५८ पर उल्लिखित।

(५७) शिवदूतम्[1]–नदुकावेरी (तंजौर)-निवासी श्रीनारायणशास्त्री द्वारा रचित।

(५८) शीलदूतम्[2]—इसके रचयिता वृहत्तपागच्छीय चरित्रसुन्दरगणि हैं। इसकी रचना वि० सं० १४८२ में खम्भात (गुजरात) में हुई थी, यह इसके अन्तिम श्लोक से ज्ञात होता है। इसमें १३१ श्लोक हैं जिनमें स्थूलभद्र राजकुमार के गृह-त्याग करने और भद्रबाहुस्वामी के निकट दीक्षा-ग्रहण करने का वर्णन है। इसके नामकरण तथा इसके श्लोकों के अन्तिम चरणों में 'मेघदूत' के चरणों का समावेश देख-कर दूतकाव्यों में इसकी गणना की गई है। वस्तुतः यह दूतकाव्य नहीं है।

(५९) (क) शुकसन्देशः[3]—लक्ष्मीदास-रचित। इसमें एक प्रेमी ने स्वप्न में अपनी प्रेमिका के पास तोते को दूत बनाकर भेजा है। इसमें पूर्वसन्देश और उत्तरसन्देश दो भाग हैं जिनमें क्रमशः ७४ और ८ श्लोक हैं।

(ख) शुकसन्देशः[4]—करिङ्गम्पल्लि नम्बूद्रि द्वारा रचित।

(ग) शुकसन्देशः[5]—श्रीरङ्गाचार्य-कृत। सम्भवतः यही रङ्गाचार्य 'मयूर-सन्देश' (सं० ४१ ख) के भी रचयिता हैं।

(घ) शुकसन्देशः—लेखक वेदान्तदेशिक के पुत्र वरदाचार्य। मैसूर की 'गुरुपरम्परा' १९९ में उल्लिखित।

(ङ) शुकसन्देशः—प्रतिवादि भयंकर वेंकटाचार्य की पत्नी त्रिवेणी देवी द्वारा रचित। (अप्रकाशित)

---

१. श्रीकृष्णमाचारियर—संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ० ६६८-९।
२. यशोविजय ग्रन्थमाला (बनारस) से प्रकाशित।
३. जर्नल ऑफ रॉयल एशियाटिक, सोसायटी, १८८४, पृ० ४४६।
मङ्गलोदयम् प्रेस, त्रिचूर से प्रकाशित।
४. दक्षिण भारत के निजी पुस्तकालयों, (Private Libraies of South India) मद्रास के संस्कृत के हस्तलिखित-ग्रन्थों की सूची, ग्रन्थ सं० २७२१, ६२४१।
५. संस्कृत के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची, बंगलोर, ग्रन्थ सं० २२५०।

(६०) श्येनदूतम्[1]—लेखक श्रीनारायणशास्त्री। 'शिवदूतम्' (सं० ५७) के भी रचयिता।

(६१) सिद्धदूतम्[2]—अवधूत रामयोगी द्वारा रचित। रचना-काल वि० सं० १४२३। इसमें कैलासवासिनी ब्रह्मविद्या के पास छाया-पुरुष को दूत बनाकर भेजा गया है। श्लोक संख्या १३८ है।

(६२) सुभगसन्देशः[3]—नारायणकवि-कृत। श्लोक संख्या १३०।

(६३) सुरभिसन्देशः—श्री वीरवल्लि विजयराघवाचार्य (तिरुपति) द्वारा रचित। इस काव्य में आधुनिक नगरों का वर्णन है। आधुनिक कृति।

(६४) हनुमत्सन्देशः—इसके रचयिता पश्चिम गोदावरी जिले के तानुकु अनुमंडल में दोन्तावरम् के निवासी श्रीविज्ञसूरि वीरराघवाचार्य हैं। इनका कार्यकाल १८५५-१९२० ई० है। इन्होंने 'मानससन्देशः' (सं० ४३ क) की भी रचना की है।

(६५) हनुमद्दूतम्—यह आधुनिक कृति है। इसके रचयिता जोधपुर के निवासी श्रीनित्यानन्दशास्त्री हैं। यह खेमराज श्रीकृष्णदास द्वारा वेंकटेश्वर प्रेस, बम्बई से वि० सं० १९८५ में प्रकाशित है।

(६६) हरिणसन्देशः—आचार्य वेदान्तदेशिक के पुत्र वरदाचार्य द्वारा रचित। मैसूर की गुरुपरम्परा में इसका उल्लेख मिलता है।

(६७) (क) हंसदूतम्—रूपगोस्वामी-कृत। इसमें राधा की सखी ललिता ने मथुरा में श्रीकृष्ण के पास राधा की मनोव्यथा का वर्णन करने के लिए हंस को दूत के रूप में भेजा है। सम्पूर्ण काव्य शिखरिणी छन्द में है और इसमें १४२ श्लोक हैं[4]। इसकी कथा श्रीमद्भागवत

---

१. श्रीकृष्णमाचारियर—संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ० ६६-६।

२. हेमचन्द्राचार्य-ग्रन्थावली, पाटन से १९२७ ई० में प्रकाशित।

३. जर्नल ऑफ रॉयल एशियाटिक सोसायटी, १८८४, पृ० ४४९।

४. 'हंसदूत' के विभिन्न संस्करणों में श्लोकों की संख्या विभिन्न है। कलकत्ता के वसुमती-संस्करण में १०१ श्लोक, जीवानन्दीय संस्करण में १४२ और संस्कृत कॉलेज संस्करण में १४१ श्लोक मिलते हैं।

दशमस्कन्ध (अध्याय ९०) पर आधृत है।[1] रूपगोस्वामी ने 'उद्धवसन्देश' की भी रचना की है। (सं० ५ द्रष्टव्य)

'हंसदूत' का प्रकाशन जीवानन्दविद्यासागर द्वारा काव्य-संग्रह, भाग १, संस्करण ३, पृ० ४४१–५९७ पर कलकत्ते से १८८८ ई० में हुआ है।

(ख) हंसदूतम्[2]—१५वीं शताब्दी में वामनभट्टबाण ने 'हंसदूत' की रचना की है। इसमें १२१ मन्दाक्रान्ता श्लोक हैं। इस काव्य की कथा तथा नगर आदि का वर्णन सब कुछ 'मेघदूत' पर आधृत है।

(ग) हंसदूतम्[3]—लेखक श्रीरघुनाथदास। रचना-काल १७वीं शताब्दी। इस काव्य का आधार रूपगोस्वामी का 'हंसदूत' है।

(घ) हंसदूतम्[4]—कवीन्द्राचार्य सरस्वती-कृत।

(६८) (क) हंससन्देशः[5]—आचार्य वेदान्तदेशिक वेंकटेश (वेंकटनाथ) द्वारा रचित। इसमें दो आश्वास हैं जिनमें क्रमशः ६० और ५० श्लोक हैं। इस काव्य में राम ने माल्यवान् पर्वत से लंका-स्थित सीता के पास हंस के द्वारा अपना सन्देश भेजा है।

(ख) हंससन्देशः[6]—लेखक अज्ञात। इसमें एक विरही ने हंस को दूत बनाकर अपनी प्रेयसी के पास भेजा है।

---

१. "हंस स्वागतमास्यतां पिब पयो ब्रूह्यङ्ग शौरेः कथाम्, दूतं त्वां नु विदाम कच्चिदजितः स्वस्त्यास्त उक्तं पुरा।" (भाग० १०।९०।२४) इत्यादि श्लोक में स्पष्टतः हंस के दूत होने का संकेत है।

२. डॉ० जे० बी० चौधुरी द्वारा कलकत्ते से १९४१ ई० में प्रकाशित।

३. विशेष विवरण के लिए श्रीदिनेशचन्द्र सेन का 'बंगसाहित्यपरिचय' पृ० ८५० द्रष्टव्य।

४. ए० सी० बर्नेल द्वारा संकलित तंजौर पैलेस लाइब्रेरी के संस्कृत के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची, पृ० १६३ पर उल्लिखित।

५. इसका प्रकाशन मद्रास, कुम्भकोणम् से १९१५—१६ ई० में हुआ है। गवर्नमेंट प्रेस, मैसूर से १९१३ ई० में भी इसका प्रकाशन हुआ है।

६. गवर्नमेंट ओरियन्टल मेनस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी, मद्रास में इसकी प्रति सुरक्षित है।

(ग) **हंससन्देशः**[1]—लेखक अज्ञात। यह एक आध्यात्मिक काव्य है। इसमें १०१ श्लोक हैं।

(घ) **हंससन्देशः**[2]—लेखक अज्ञात। इसमें मायावश शिव-भक्ति से वियुक्त कोई शैव भगवान् शङ्कर के पास किसी मानसगामी हंस के द्वारा अपनी भक्ति का सन्देश भेजता है।

(ङ) **हंससन्देशः**—लेखक पूर्णसारस्वत। त्रिवेन्द्रम् सं० सीरीज से सं० १२९ के रूप में १९३७ ई० में प्रकाशित।

(६९) **हृदयदूतम्**[3]—इसके रचयिता भट्टहरिहर हैं। यह काव्य वसन्ततिलका छन्द में है।

विशेष :—इस प्रकार मेघदूत के अनुकरण पर संस्कृत में अब तक सौ से अधिक दूतकाव्य लिखे जा चुके हैं।

कालिदासोत्तर दूतकाव्यों का वैशिष्ट्य—उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि संस्कृत के दूत-साहित्य के इतिहास पर कालिदास के 'मेघदूत' का व्यापक प्रभाव पड़ा है और उसके अनुकरण पर अबतक शताधिक दूतकाव्यों की रचना हो चुकी है। 'मेघदूत' से विशेष प्रभावित होकर दक्षिण (केरल) के कवियों, तथा जैन विद्वानों ने अपनी रचनाओं से संस्कृत-दूतकाव्य की श्रीवृद्धि में अधिक योगदान किया है। दक्षिण के तथा बंगाल के वैष्णवेतर कवियों की रचनाओं में 'मेघदूत' की पद्धति का ही अनुसरण किया गया है उनका कोई अलग वैशिष्ट्य नहीं है। वैष्णव कवियों ने तथा अधिकांश जैन कवियों ने अपने सन्देश-

---

१. जर्नल ऑफ रॉयल एशियाटिक सोसायटी, १८८४, पृ० ४५० पर उल्लिखित।

२. प्रो० बलदेवप्रसाद उपाध्याय—'संस्कृत साहित्य का इतिहास' (संस्करण १९६८ ई०) पृ० ३५८ द्रष्टव्य। इस काव्य का प्रकाशन 'अनन्तशयनम् संस्कृत-ग्रन्थावली, सं० १०३, त्रिवेन्द्रम् से १९३० ई० में हुआ है।

३. वेबर की रिपोर्ट १, सं० ५७१। चुन्नीलाल बुकसेलर, बड़ामन्दिर भूलेश्वर बम्बई से इन्दिरेश भट्ट के 'मनोदूत' (सं० ३९ घ) के साथ प्रकाशित।

काव्यों में दर्शन के गूढ़ सिद्धान्तों तथा भक्तितत्त्व की अभिव्यक्ति पर विशेष बल दिया है।

जैन कवियों के सन्देश-काव्यों की दूसरी विशेषता यह है कि उनमें प्रेम-सन्देश के स्थान पर अपने गुरुओं के पास आध्यात्मिक उन्नति का सन्देश भेजा गया है। गुरुओं के प्रति भक्ति-भावना का परिचय कराने के उद्देश्य से लिखे गए ये काव्य 'विज्ञप्ति-पत्र' भी कहे जा सकते हैं। 'मेघदूत' के काव्य-सौन्दर्य ने जैन कवियों को विशेष आकृष्ट किया है। बहुत से जैन कवियों ने अपनी रचनाओं में 'मेघदूत' के पद्यों के अन्तिम चरणों को समस्या-पूर्त्ति के रूप में समाविष्ट किया है। इस प्रकार की प्रवृत्ति का आरम्भ आचार्य जिनसेन ने किया है। उनके 'पार्श्वाभ्युदय' में प्रायः 'मेघदूत' के प्रत्येक चरण को समस्या मानकर पद्य-पूर्त्ति की गई है। कहीं-कहीं तो दो चरण 'मेघदूत' के हैं और दो चरण कवि के स्वरचित हैं। समस्या-पूर्त्ति के रूप में भी यह चमत्कारपूर्ण काव्य है। इसमें 'मेघदूत' के शृंगार-रसात्मक काव्य को शान्तरस में परिणत करने का सुन्दर प्रयास किया गया है। दूतकाव्य में शान्तरस का समावेश सर्वप्रथम आचार्य जिनसेन के 'पार्श्वाभ्युदय' के द्वारा ही हुआ है। इस दृष्टि से भी यह काव्य महत्त्वपूर्ण है।

बिहार प्रान्त में भी इधर दूतकाव्य-रचना की ओर लोगों की प्रवृत्ति दीख पड़ती है। अभी हाल में ही लिखे गए दूतकाव्यों में पं० वाणीश झा का 'चकोरदूतम्', प्रो० दिनेशप्रसाद पाण्डेय का 'मित्रदूतम्', प्रो० रामाशिष पाण्डेय का 'मयूखदूतम्' आदि विशेष उल्लेख्य हैं। इन काव्यों में कालिदासीय परम्परा का ही परिपालन किया गया है। इसी दूतकाव्य-रचना-परम्परा की एक लघु कड़ी यह 'प्लवङ्ग-दूतम्' है। अन्तिम तीनों दूतकाव्य राँची में ही लिखे गए हैं, यह राँची की सुरम्य प्राकृतिक छटा की उत्प्रेरणा का ही परिणाम कहा जा सकता है।

प्लवङ्गदूतम् :—इस काव्य में दो निःश्वास[1] हैं—पूर्वनिःश्वास और उत्तर-निःश्वास। पूर्व निःश्वास की कथा इस प्रकार है—कोई भारतीय नौकरी करने के लिए अपनी पत्नी के साथ पेशावर (सम्प्रति पाकिस्तान में स्थित) जाता है। वहाँ जाकर वह सरकारी नौकरी करने लगता है। पेशावर नगर के समीप जावरोद (जाब्रूद) गाँव में उसका एक छोटा-सा मकान है जिसमें वह अपनी पत्नी के साथ आराम से रहता है। वह राम का भक्त है। उसके घर की दीवारें रामनाम से अंकित हैं। उन पर अंगूर की लता फैली हुई है और सामने एक कुआँ है।

किसी सरकारी काम से वह काशी आता है और किसी धर्मशाला में रह कर उस काम को पूरा करने लगता है। इसी बीच १९७१ के दिसम्बर मास में बंगदेश को शरण देने वाले भारत के साथ पाकिस्तान की लड़ाई छिड़ जाती है। ऐसी स्थिति में वह प्रवासी पाकिस्तान लौटने में असमर्थ होकर पत्नी-वियोग के दिनों को बड़े कष्ट से बिताने लगता है। उसे दूर देश में स्थित पत्नी की चिन्ता सताती है। वह चिन्ता से व्यथित होकर भगवान् विश्वनाथ के मन्दिर में आता है और भगवान् शङ्कर से अपने कष्टों को दूर करने के लिए प्रार्थना करता है। मन्दिर से निकल कर वह ज्ञान-

---

१. दूतकाव्यों में प्रायः दो भाग हैं—पूर्वभाग और उत्तरभाग। पूर्वभाग में पहले नायक के विरही रूप का वर्णन है। उसके बाद दूत का दर्शन, उसका स्वागत, उसकी प्रशंसा, उससे संदेश पहुँचाने की प्रार्थना और गन्तव्य मार्ग का वर्णन किया गया है। उत्तरभाग में गन्तव्य स्थान का वर्णन नायिका के निवास-स्थान का वर्णन, उसकी दशा का वर्णन है और अन्त में उचित अवसर देखकर सन्देश सुनाने की प्रार्थना की गई है। कालिदास के मेघदूत के दोनों भाग पूर्वमेघ और उत्तरमेघ हैं। जैनमेघदूत (मेरुतुङ्ग-रचित) में चार सन्धियाँ हैं। 'शुकसन्देश' (लक्ष्मीदास-कृत) में पूर्वसदेश और उत्तरसन्देश ये दो भाग हैं। 'हंसदूत' (कविन्द्राचार्य सरस्वती-कृत) में दो आश्वास हैं। प्रस्तुत काव्य में दोनों भागों के लिए 'निःश्वास' शब्द का प्रयोग किया है। विरह-काव्य में 'निःश्वास' शब्द का प्रयोग उचित प्रतीत होता है।

वापी की उस मस्जिद को देखता है जो श्रीविश्वनाथ के प्राचीन मन्दिर को तोड़कर बनाई गई है। उसे देखकर उसका मन और अधिक खिन्न हो जाता है। वह वहीं एक मण्डप में भक्तों के पास एक कोने में बैठकर भगवान् श्रीरामचन्द्र की कथा सुनने लगता है। कथा के प्रसंग में जब वह राम के द्वारा सीता के पास हनुमान् से भेजे गये सन्देश की बात सुनता है तो उसे अपनी पत्नी सीता देवी का स्मरण होता है और वह उसके ध्यान में मग्न हो जाता है। जब उसकी आँखें खुलती हैं तो उसे सामने बैठा हुआ एक भोला-भाला प्लवङ्ग (वानर) दिखाई पड़ता है। प्लवङ्ग को देखकर उसे बहुत खुशी होती है। उसे भान होता है कि जिस प्रकार हनुमान् ने सीता का पता लगाकर और राम का सन्देश उनके पास पहुँचा कर राम की सहायता की थी उसी प्रकार यह प्लवङ्ग भी उसकी सहायता में पहुँच गया है। इस आशा एवं विश्वास से वह प्रवासी उस प्लवङ्ग का सत्कार करता हैं और अपनी प्रिया के पास सन्देश पहुँचा देने के लिए उसकी प्रार्थना करता है। इसके बाद वह काशी से पेशावर के समीप-वर्त्ती जाबरोद (जाब्रूद) नामक गाँव तक के प्लवङ्ग के गन्तव्य मार्ग का वर्णन करता है।

प्लवङ्ग को ज्ञानवापी से उछल कर बनारस कैंट (बनारस छावनी) स्टेशन जाना है। वहाँ से सीधे पश्चिम न जाकर विन्ध्याचल-निवासिनी दुर्गादेवी के दर्शनार्थ मुगलसराय होते हुए मिर्जापुर पहुँचना है। वहाँ उसे श्रीदुर्गाजी का दर्शनकर प्रयाग, आगरा तथा मथुरा होते हुए दिल्ली जाना है। दिल्ली में उसे प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा जी का दर्शनकर और स्विटजरलैंड के दूतावास[1] से पाकिस्तान जाने की सहायता प्राप्त कर वहाँ से अम्बाला, लुधियाना, भाखरा-

---

१. युद्ध-काल में स्वीश दूतावास ही दोनों देशों के लोगों के पाकिस्तान से हिन्दुस्तान तथा हिन्दुस्तान से पाकिस्तान जाने की व्यवस्था करता था।

बन्ध, जालन्धर, अमृतसर, लाहौर, रावलपिण्डी तथा पेशावर होते हुए जावरोद (जाब्रूद) पहुँचना है और प्रवासी की पत्नी का पता लगाना है।

द्वितीय निःश्वास के प्रारम्भ में प्रवासी अपनी पत्नी के विरही रूप तथा उसकी मनोदशा का मार्मिक वर्णन करता है। इसके बाद वह अपनी पत्नी को सान्त्वना देने, उसे अपना मधुर सन्देश सुनाने तथा उसकी प्रिय बातें आकर कहने के लिए प्लवङ्ग से अनुरोध करता है। वह प्लवङ्ग प्रवासी की प्रार्थना स्वीकार कर उसकी पत्नी का पता लगाने के लिए पाकिस्तान जाने को तैयार हो जाता है। इसी बीच रामायण की कथा समाप्त हो जाती है और लोग जोरों से जय-जयकार करने लगते हैं। उस जयध्वनि को सुनकर वह प्लवङ्ग भाग जाता है। वह जयध्वनि सुनकर और सामने प्लवङ्ग को न देखकर प्रवासी का ध्यान टूट जाता है और वह स्वप्न-मुक्त व्यक्ति की तरह बड़ी खिन्नता के साथ अपने स्थान को लौटता है। वहाँ पहुँचने पर उसकी विकलता और बढ़ जाती है। वह अपने मन के भावों को संस्कृत भाषा में पद्यमय रूप देकर उन पद्यों को अपनी पत्नी के पते से दिल्ली मन्त्रणालय में भेज देता है। जब पुनर्वासमन्त्री को यह बात मालूम होती है तो वे प्रवासी की पत्नी का पता लगाने के लिए तत्पर हो जाते हैं। भारत के प्रयास से दोनों देशों के लोगों का प्रत्यावर्त्तन (अपने-अपने देश को लौटना) होता है। प्रवासी तथा उसकी पत्नी दोनों अपने देश भारत में रहना पसन्द करते हैं, इसलिए प्रवासी की पत्नी को काशी पहुँचा दिया जाता है। अपनी पत्नी को काशी में ही पाकर वह प्रवासी विरह के क्लेश को भूल जाता है और अत्यधिक हर्ष का अनुभव करता है।

इस काव्य में प्लवङ्ग के दौत्य की कल्पनामात्र है, उससे दूत का कार्य-सम्पादन नहीं कराया गया है। केवल कल्पनामात्र से ही 'प्लवङ्ग-दूतम्' (प्लवङ्गश्चासौ दूतश्च प्लवङ्गदूतः स एवाभेदोपचारात् तत्सञ्ज्ञं काव्यं प्लवङ्गदूतम्, अथवा प्लवङ्गः दूतः यस्मिन् काव्ये तत् प्लवङ्ग-दूतम्) इस नाम की सार्थकता समझी जाती है।

।। श्रीः ।।

प्लवङ्गदूतम्

(पूर्वो निःश्वासः)

(१)

कश्चिद् भृत्यावशमुपगतो भारतीयः स्वदेशाद्
गत्वा पत्न्या सह निवसतिं पाकभूमावकार्षीत्।
तत्रैवासौ सुखमधिवसन् राजकीयञ्च कार्यं
कुर्वन् पाकाधिपतिप्रहितः काशिमागत्य तस्थौ।

नत्वा पूर्वं प्रथमकवितादूतकाव्यप्रवर्त्ता—
रौ वाल्मीकिं कविकुलगुरुं कालिदासं च भक्त्या।
ताभ्यामेवाधिगतप्रतिभः काव्यमेतद् विधाय
व्याख्यामेतां सरलललितां सुप्रभाख्यां करोमि ।।
इहान्वयमुखेनैव सर्वं व्याख्यायते मया।
नामूलं लिख्यते किञ्चिन्नानपेक्षितमुच्यते ।।

कश्चित् अज्ञातनामा भारतीयः भृत्यावशम् उपगतः भृत्याधीनः[१] सन् (भृत्या—भ्रियते अनया, भृ+"संज्ञायां समजनिषदनिपतमनविदषुञ्शीङ्भृञिणः" (पा० सू० ३/३/९९) इति क्यप्, स्त्रियां टाप्) स्वदेशात् भारतादित्यर्थः पत्न्या सह गत्वा पाकभूमौ पाकस्थाने निवसतिम् निवासम् (नि+वस्+"वहिवस्यर्तिभ्यश्चित्" इत्यौणादिकसूत्रेण भावाधिकरणादौ अतिप्रत्ययः) अकार्षीत् कृतवान्। असौ तत्रैव सुखम् अधिवसन् सुखेन निवसन् राजकीयम् कार्यम् च कुर्वन् पाकाधिपति[२] प्रहितः पाकस्थानशासकेन प्रेषितः

---

१. नौकरी के अधीन।

२. "प्रह्वे वा" इस छन्दः सूत्र के अनुसार संयुक्ताक्षर 'प्र' से पूर्व स्वर 'ति' के 'इ' को ह्रस्व माना जाएगा।

सन् काशिम् काशीम् (काशि– काशते शिवत्रिशूलोपरि इति, काश्+ "सर्वधातुभ्य इन्" इत्यौणादिकसूत्रेण इन्। काशी, काश्+अच्+गौरा, दित्वात् ङीष्) आगत्य तस्थौ स्थितवान् ।

कोई भारतीय नौकरी करने के लिए अपने देश (भारतवर्ष) से पत्नी के साथ जाकर पाकिस्तान में रहने लगा । वहीं वह आराम से रहता था और राजकीय कार्यों को करता था। वह पाकिस्तान के शासक के द्वारा (किसी कार्यवश) भेजे जाने पर काशी आकर ठहरा।

(२)

स्थित्वा तस्यां क्वचन भवने यात्रिणां स प्रवासी
कुर्वन्नासीदविचलमना राजकीयं नियोगम् ।
द्रष्टुं शीघ्रं प्रियसहचरीं कार्यमेतद् विधातु--
मुद्युक्तोऽपि द्विगुणितगतिर्वञ्चितोऽभून्नियत्या ॥

स प्रवासी परस्थाननिवासी तस्याम् काश्याम् क्वचन कस्मिंश्चित् यात्रिणाम्[1] यात्रिकाणां भवने धर्मशालायामित्यर्थः स्थित्वा अविचलमनाः (अविचलं निश्चलं मनः यस्य सः) स्थिरमनाः सन् राजकीयम् नियोगम्[2] कर्तव्यम् कुर्वन् आसीत् । (सः) प्रियसहचरीम् प्रियपत्नीम् शीघ्रं द्रष्टुम् एतत् तदधीनीकृतम् कार्यम् विधातुम् कर्तुम् द्विगुणितगतिः[3] द्विगुणिता गतिर्यस्य तादृशः सन् उद्युक्तः संलग्नः परिश्रमं कुर्वन्नित्यर्थः अपि नियत्या भाग्येन वञ्चितः प्रतारितः अभूत् ।

वह प्रवासी काशी में किसी धर्मशाला में रहकर स्थिर मन से राजकीय काम कर रहा था । वह अपनी प्रिय पत्नी से शीघ्र मिलने के लिए उस कार्य के करने में दुगुनी गति से परिश्रम कर रहा था किन्तु भाग्य ने उसे धोखा दिया ।

---

१. 'यात्रिन्' इन्नन्तः कामन्दकीयनीतिसारे।
२. 'ड्यूटी इत्याङ्गलभाषायाम् ।
३. दुगुनी गति से।

(३)

वस्वक्ष्याकाशनयनमिते वत्सरे विक्रमस्य
पाकोत्पीड़ाव्यथितमनसो मुक्तये चेष्टमानान्।
वङ्गान् त्रातुः शरणसुखदस्यास्यदेशस्य पाक-
स्थानेनाथ क्षतिवहुलकः सम्परायः प्रवृत्तः ॥

पाकोत्पीड़ाव्यथितमनसः पाकस्थानीयानामत्याचारेण व्यथितहृदयान् मुक्तये स्वाधीनतायै चेष्टमानान् प्रयत्नं कुर्वतः वङ्गान् वङ्गदेशीयान् त्रातुः रक्षकस्य शरणसुखदस्य शरणागतसुखप्रदस्य अस्य देशस्य भारतस्य अथ तथा पाकस्थानेन (सह) वस्वक्ष्याकाशनयनमिते[1] विक्रमस्य वत्सरे २०२८ विक्रमसंवत्सरे क्षतिवहुलकः (वहुला प्रचुरा क्षतिर्हानिर्यस्मिन् सः 'वाहिताग्न्यादिषु' पा० सू० २/२/३७ इति क्षति शब्दस्य पूर्वनिपातः अतिहानिकरः सम्परायः युद्धम् प्रवृत्तः प्रारब्धः ।

पाकिस्तानियों के अत्याचार से पीड़ित तथा स्वतन्त्रता के लिए प्रयत्न करने वाले बंगलादेशवासियों की रक्षा करने वाले शरणागत-वत्सल भारतवर्ष की पाकिस्तान के साथ २०२८ विक्रम संवत्[2] में लड़ाई शुरू हो गई।

(४)

जाते चैवं विषमसमये दूरसंस्थां प्रियां स्वां,
प्रत्यागन्तुं कथमपि च स प्राभवन्न प्रवासी।
चिन्ताचक्राकुलितहृदयः स्वानि भाग्यानि निन्दन्
मासोऽनैषीत् कतिचिदवशो विप्रयुक्तः स्वपत्न्या ॥

एवं विषमसमये कठिनसमये जाते उपस्थिते स प्रवासी दूरसंस्थाम् (दूरे संस्था स्थितिर्यस्याः ताम्) दूरस्थितां स्वां प्रियाम् स्वकीयां पत्नीम्

---

१. वसु—आठ, अक्षि—दो, आकाश—शून्य, नयन—दो। ज्योतिष के अनुसार दाईं ओर के अङ्क क्रमशः बाईं ओर लिखे जाते हैं—"अङ्कानां वामतो गतिः"।

२. यह युद्ध १९७१ ई० के दिसम्बर मास में हुआ था।

कथमपि च केनापि प्रकारेण प्रत्यागन्तुम् प्राप्तुम् न प्राभवत् समर्थो नाभवत्। स्वपत्न्या विप्रयुक्तः वियुक्तः (तथा) अवशः अगतिकः (स प्रवासी) चिन्ताचक्राकुलितहृदयः चिन्तासमूहव्याकुलमनाः (सन्) स्वानि भाग्यानि निन्दन् कतिचित् कतिपयान् मासः मासान् (मासः—पद्दन्नोमास० इति पा० सूत्रेण (६।१।६३) मास शब्दस्य 'मास्' इत्यादेशः) अनैषीत् व्यतीयाय।

इस प्रकार कठिन समय उपस्थित होने पर वह प्रवासी दूर रहने वाली अपनी प्रिया के पास पहुँचने में किसी प्रकार समर्थ न हो सका। अपनी पत्नी से बिछुड़े हुए तथा उपायरहित (लाचार) उस प्रवासी ने अनेक चिन्ताओं से व्याकुल होकर अपने भाग्यों को कोसते हुए कुछ महीने विताए।

(५)

आसन्नायां शरदि कमलामोदसम्पूरितायां
दूरीभूतां हृदयदयितां हर्षसंदोहदात्रीम्।
स्मारं स्मारं विकलकरणो ध्यानमग्नः स तन्वीं
शोकाम्भोधिं नयनसलिलैर्वर्धयामास शश्वत्॥

कमलामोदसम्पूरितायाम् कमलानां गन्धेन परिपूर्णायाम् शरदि शरदृतौ आसन्नायाम् समीपमागतायाम् स प्रवासी दूरीभूताम् दूरस्थिताम् दुर्दैवेन दूरीकृतामित्यर्थः हर्षसन्दोहदात्रीम् हर्षसमूहदायिनीम् तन्वीम् कृशाङ्गीम् हृदयदयिताम् हृदयवल्लभाम् प्राणप्रियां पत्नीमित्यर्थः स्मारम् स्मारम् पुनः पुनः स्मृत्वा (स्मारम्—स्मृ+'आभीक्ष्ण्ये णमुल् च (पा० सू० ३/४/२२ णमुल्) विकलकरणः (विकलानि करणानि इन्द्रियाणि यस्य सः) विकलेन्द्रियः तथा ध्यानमग्नः तस्याः ध्याने लीनः तां ध्यायन्नित्यर्थः सन् नयनसलिलैः नेत्रवारिभिः अश्रुभिरित्यर्थः शोकाम्भोधिम् हृदयस्य शोकसागरम् शश्वत् सदा वर्धयामास वर्द्धितवान्। पत्नीं ध्यायन् सदा अश्रूणि प्रवाहयति स्मेत्यर्थः।

कमलों की गन्ध से भरी हुई शरद् ऋतु के समीप आने पर वह प्रवासी दूर रहने वाली तथा हर्ष समूह को देनेवाली अपनी पत्नी को बार-बार याद कर व्याकुल हो जाता था और उसी का ध्यान करता हुआ आँसुओं से हृदय के शोकसागर को सदा बढ़ाया करता था। अर्थात् अपनी पत्नी को स्मरण कर निरन्तर आँसू बहाया करता था।

(६)

धैर्ये धर्मे सहजसहचर्या च मत्या वियुक्तो
यत्नं कुर्वन् प्रबलमपि स स्वस्थहृन्नैव जातः।
सर्वं कृच्छ्ं कथयितुमथो स्वान्तराबद्धमूलं
नानाचिन्तोपहितहृदयो विश्वनाथं प्रयातः॥

धैर्ये धर्मे च सहजसहचर्या स्वभावतः सहस्थायिन्या सहाययेत्यर्थः मत्या बुद्ध्या (विवेकेन) वियुक्तः रहितः स प्रवासी प्रबलम् अधिकम् यत्नम् कुर्वन् अपि स्वस्थहृत् (स्वस्थं हृत् यस्य सः) प्रकृतिस्थमनाः नैव जातः नैवाभवत्। अथ तदनन्तरम् नानाचिन्तोपहितहृदयः अनेक-चिन्तायुक्तहृदयः (सः) स्वान्तराबद्धमूलम् स्वस्य अन्त; हृदयं तस्मिन् आबद्धमूलम् सुदृढ़स्थितम् सर्वं कृच्छ्रम् कष्टम् कथयितुं विश्वनाथम् भगवन्तं शङ्करं प्रयातः प्रति प्रस्थितः।

धैर्य और धर्म में सदा साथ देने वाली बुद्धि (विवेक) से रहित वह प्रवासी अत्यधिक प्रयत्न करने पर भी अपने मन को स्वस्थ नहीं रख सका। बाद वह अनेक चिन्ताओं से युक्त मन के साथ हृदय के सभी कष्टों को कहने के लिए भगवान् विश्वनाथ के पास चल पड़ा।

कठिन परिस्थिति में धैर्य धारण करने तथा धर्म (कर्त्तव्य)—पालन करने में मनुष्य की सहज बुद्धि ही साथ देती है। परन्तु परिस्थिति की जटिलता में जब वह अपनी बुद्धि को खो देता है

तब वह किंकर्त्तव्यविमूढ़ होकर भगवान् की शरण में जाता है। इसीलिए अनेक चिन्ताओं से युक्त वह प्रवासी भी किंकर्त्तव्यविमूढ़ होकर अपने हृदय के दुःख को निवेदन करने के लिए भगवान् विश्वनाथ की शरण में पहुँचा।

(७)

गत्वा पूर्वं सुकृतसरणिं सर्वलोकाभिवन्द्यां
घट्टेऽनंसीत् सुरधुनिमसौ पंक्तिपूर्वाश्वमेधे।
स्नात्वा हृष्टस्तदनु विमले तज्जले नष्टपापः
प्रादात् पुष्पाञ्जलिविरचितं भास्करायार्घमेकम्॥

असौ प्रवासी पूर्वं प्रथमं गत्वा पंक्ति[1]पूर्वाश्वमेधे पंक्तिः दशसंख्या पूर्वा यस्य तादृशे अश्वमेधे अर्थात् दशाश्वमेधे तन्नामके घट्टे 'घाट' इति भाषायाम् सुकृतसरणिं धर्मपदवीम् अथवा पुण्यप्रसारिणीम् सर्वलोकाभिवन्द्याम् सर्वजनप्रणम्याम् सुरधुनिम् देवनदीं गङ्गाम् अनंसीत् प्रणनाम (अनंसीत्—नम् धातो लुंङि प्रथपुरुषैकवचने)। तदनु तत्पश्चात् विमले निर्मले तज्जले तस्याः गङ्गाया जले स्नात्वा नष्टपापः (नष्टं पापं यस्य सः) अपगतपापः सन् भास्कराय सूर्याय एकं पुष्पाञ्जलिविरचितम् पुष्पाञ्जलिर्निर्मितम् अर्घम् प्रादात् प्रदत्तवान्।

उसने पहले दशाश्वमेध घाट पर जाकर धर्म या पुण्य को बढ़ाने वाली सब के द्वारा वन्दनीय गङ्गा को प्रणाम किया। उसके बाद उसने गंगा के निर्मल जल में स्नान कर भगवान् सूर्य को पुष्पाञ्जलि का अर्घ प्रदान किया।

---

१. पंक्तिः—दशसंख्या, पञ्चकद्वयं परिमाणमस्येति, "पंक्तिविंशतित्रिंशदित्यादिना पा० सूत्रेण (५।१।५९) निपातनात् प्रकृतेः पञ्चन् शब्दस्य टिलोपः तिप्रत्ययश्च।

(८)

स्तुत्वा देवान् मधुरमधुरैः पद्यरत्नैः प्रघुष्टै—
धृत्वा पात्रे विमलसलिलं देवनद्याः स भक्त्या।
शम्भो शम्भो ! प्रणतमभयं त्वं करोषीति जल्पन्
घट्टादायात् त्वरिततगमनो विश्वनाथस्य वीथ्याम् ॥

स प्रवासी प्रघुष्टैः रटितैः मधुरमधुरैः ('प्रकारे गुणवचनस्य' पा० सू० ८।१।१२ इति द्वित्वम्) अतिमधुरैः पद्यरत्नैः श्रेष्ठपद्यैः देवान् स्तुत्वा देवनद्याः गङ्गायाः विमलसलिलं निर्मलजलम् भक्त्या भक्तिपूर्वकम् पात्रे धृत्वा शम्भो! शम्भो! त्वं प्रणतम् तव सम्मुखे नम्रम् अभयं निर्भयं करोषि इति जल्पन् कथयन् घट्टात् दशाश्वमेधात् त्वरितगमनः त्वरितं गमनं यस्य तादृशः सन् त्वरितगतया इत्यर्थः विश्वनाथस्य वीथ्याम्[१] आयात् आगच्छत्।

वह प्रवासी रटे हुए अतिमधुर उत्तम पद्यों से देवताओं की स्तुति कर तथा गङ्गा का पवित्र जल लोटे में लेकर 'हे शङ्कर! तुम अपने सामने झुके हुए (अर्थात् तुम्हें सिर झुकाकर प्रणाम करने वाले) व्यक्ति को निर्भय कर देते हो' यह कहता हुआ भगवान् विश्वनाथ की गली में आया।

(९)

गत्वा चाग्रे कनकजटिते मन्दिरे विद्यमानं
नानादेशागतजनतया सादरं प्रार्थ्यमानम्
माल्यं पौष्पं सविधि सजलं चन्दनं चार्पयित्वा-
पर्णानाथं व्यथितहृदयः पर्यगाद् भक्तिनम्रः ॥

व्यथितहृदयः दुःखितमनाः (स प्रवासी) अग्रे गत्वा कनकजटिते स्वर्णनिर्मिते मन्दिरे विद्यमानम् नानादेशागतजनतया विभिन्नदेशेभ्यः

---

१. गली में।

समागतैः जनैः सादरम् आदरपूर्वकं प्रार्थ्यमानम् अपर्णानाथम् शिवम् सविधि विधिपूर्वकम् सजलं जलसहितं स्नापयित्वेत्यर्थः पौष्पं माल्यम् पुष्पाणां मालाम् च अर्पयित्वा समर्प्य भक्तिनम्रः भक्त्या नम्रः पर्यगात् प्रदक्षिणां कृतवान्।

व्यथा से भरे हुए हृदय वाले उस प्रवासी ने आगे जाकर स्वर्ण-मन्दिर में विराजमान तथा विभिन्न देशों से आए हुए लोगों के द्वारा आदर के साथ प्रार्थना किए जाते हुए भगवान् शङ्कर को स्नान कराकर चन्दन तथा फूलमाला समर्पित की (चढ़ाई) और भक्ति से नम्र होकर (अर्थात् भक्ति एवं विनय के साथ) उनकी प्रदक्षिणा (परिक्रमा) की।

(१०)

स्वान्तर्भक्त्या प्रबलतरया तस्य देवस्य पूजां
कृत्वाऽत्मानं शुचिमथ परं मन्यमानस्तदानीम्।
बद्ध्वा हस्तौ कमलसदृशौ प्रार्थनायां शिवस्य
शोकोद्वेगात् सजलनयनः सोऽब्रवीदल्पमेवम्।

स प्रवासी प्रबलतरया अतिप्रबलया अत्यधिकयेत्यर्थः स्वान्तर्भक्त्या स्वकीयान्तः करणस्य भक्त्या तस्य देवस्य विश्वनाथस्य पूजां कृत्वा अथ तथा तदानीम् आत्मानम् परम् अत्यन्तम् शुचिम् पवित्रम् मन्यमानः शिवस्य पूजायाम् कमलसदृशौ हस्तौ बद्ध्वा बद्धाञ्जलिर्भूत्वेत्यर्थः शोकोद्वेगात् शोकाकुलतया सजलनयनः साश्रुनेत्रः सन् एवम् इत्थम् स्वल्पम् स्वल्पैरक्षरैः अब्रवीत्।

वह प्रवासी अपने हृदय की प्रबलतर भक्ति से भगवान् शंकर की पूजा कर उस समय अपने को अत्यन्त पवित्र मानता हुआ उनकी प्रार्थना में अपने करकमलों को जोड़कर शोक के उद्वेग से आँसू भरे नेत्रों के साथ थोड़े शब्दों में इस प्रकार बोला।

(११)

शीर्षे गङ्गा भरतवसुधां पावयन्ती तवास्ते
ध्वान्तध्वंसे पटुतरकरश्चन्द्रमाश्चैव भाले ।
भार्या चार्या सदयहृदया पूजिता मातृवृन्दैः
सूनुर्विघ्नव्रततिपरशुर्देवसेनाधिपश्च ॥

(हे शम्भो!) तव शीर्षे शिरसि भरतवसुधाम् भारतभूमिं पावयन्ती पवित्रां कुर्वती आस्ते वर्त्तते। ध्वान्तध्वंसे अन्धकारविनाशकरणे पटुतरकरः अतिसमर्थकिरणः चन्द्रमाश्च (तव) भाले ललाटे (आस्ते विराजते)। मातृवृन्दैः मातृसमूहैः पूजिता सदयहृदया सदयं हृदयं यस्याः सा) दयालुहृदया आर्या पूज्या (तव) भार्या (आस्ते)। विघ्नव्रततिपरशुः लतानां कर्त्तने समर्थः परशुरिव विघ्नविनाशने दक्षः (तव) सूनुः पुत्रः गणेशः (आस्ते)। देवसेनाधिपश्च देवसेनायाः नायकः कार्तिकेयश्च (तव सूनुः आस्ते)।

हे शम्भु! आपके मस्तक पर भारतभूमि को पवित्र करनेवाली गङ्गा विद्यमान हैं, आपके ललाट पर अन्धकार को दूर करने में समर्थ किरणों वाले चन्द्रमा विराजमान हैं। माताओं के द्वारा पूजित दयालु हृदय वाली पूज्य पार्वती आपकी पत्नी हैं और विघ्नरूपी लताओं को काटने के लिए परशु के समान शक्तिशाली गणेश तथा देवसेना के नायक कार्तिकेय आपके पुत्र हैं।

(१२)

वाराणस्यां त्वमसि वसतां प्राणिनां सौख्यहेतुः
शम्भो! कस्माच्चरणपतिते मय्युपेक्षा तवास्ते।
तस्माद् दैवाद् विगतमधुना देहि नाथ! त्रिवर्गं
पश्चान्मोक्षं क्षपितवयसे मे दयालो! ददीथाः ॥

हे शम्भो! त्वं वाराणस्याम्[1] काश्यां वसताम् निवसतां प्राणिनाम् सौख्यहेतुः सुखस्य कारणम् सुखदातेत्यर्थः असि। चरणपतिते तव चरणयोः पतिते मयि तव उपेक्षा कस्मात् आस्ते? अर्थात् त्वं मयि उपेक्षां कथं करोषि? तस्मात् अतः हे नाथ! (त्वम्) अधुना दैवात् भाग्यवशतः विगतम् नष्टम् त्रिवर्गम् त्रयाणां धर्मार्थकामानां वर्गम् धर्मार्थकामानितिभावः देहि। पश्चात् हे दयालो! क्षपितवयसे क्षपितं वयः यस्य तादृशाय अर्थात् वृद्धावस्थामुपगताय मे मह्यम् मोक्षम् ददीथाः दद्याः। अधुना त्वहं केवलं धर्मार्थकामान् एव त्वां याचे। यतो हि ते एवेदानीं नष्टाः सन्ति पश्चात् त्वं वृद्धावस्थायां कृपया मोक्षं दद्याः। इदानीं मोक्षस्यावश्यकता नास्तीति भावः।

हे शम्भु! आप काशी में रहने वाले प्राणियों के सुखदाता हैं। मैं आपके चरणों मे पड़ा हूँ तो भी आप मेरे ऊपर ध्यान क्यों नहीं देते? अतः हे नाथ! इस समय दुर्भाग्य से नष्ट हुए त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ और काम) को मुझे दीजिए। पीछे हे दयालु! वृद्धावस्था में मुझे मोक्ष प्रदान कीजिएगा।

(१३)

स्तुत्वा चैवं प्रणतवशगं विश्वनाथं शरण्यं
पूतम्मन्योऽप्यधिककरुणो मन्दिरान्निर्गतः सः।
स्थानेऽपश्यच्चलितहृदयो ज्ञानवापीतिसञ्ज्ञे
ध्वस्तं राज्ये यवननृपतेर्मन्दिरं शङ्करस्य॥

अधिकवरुणः अधिकदयायुक्तः स प्रवासी एवं पूर्वोक्तप्रकारेण प्रणतवशगम् प्रणतानां विनतानां भक्तानां वशे स्थितम् शरण्यम् शरणागतवत्सलम्, (शरण्यम्—शरणे साधुः तम्, शरण+'तत्र साधुः'

---

१. वाराणसी—वरुणा च असी च तयो नंद्योरदूरे भवा। अदूरभावश्च, पा० सू० ४।२।७० इत्यण्, ङीप, पृषोदरादित्वात् साधुः। वरुणा और असी दो नदियों के बीच स्थित होने के कारण काशी को वाराणसी कहा जाता है।

(पा० सू० ४/४/९८) इति यत्) विश्वनाथम् स्तुत्वा पूतम्मन्यः आत्मानं पवित्रं मन्यमानः (पूतम्मन्यः—पूतमात्मानं मन्यते इति, आत्ममाने खश्च (पा० सू० ३/२/८३) इति खश् प्रत्ययात् साधुः।) सन् मन्दिरात् निर्गतः। चलितहृदयः चञ्चलहृदयः (सः) ज्ञानवापी तिसंज्ञे ज्ञानवापीतिनामके स्थाने यवननृपतेः यवनराजस्य (औरङ्गजेबस्य) राज्ये शासने ध्वस्तं शङ्करस्य मन्दिरम् अपश्यत्।

अधिक शोक वाला वह प्रवासी भक्तों के वश में रहने वाले शरणागतवत्सल भगवान् विश्वनाथ की इस प्रकार स्तुति कर अपने को पवित्र समझता हुआ मन्दिर से निकला। चञ्चल मन वाले उस प्रवासी ने ज्ञानवापी में यवनराज औरङ्गजेब के शासनकाल में ध्वस्त हुए भगवान् शङ्कर के मन्दिर को देखा।

(१४)

सम्भ्रान्तोऽसौ मनसि च तदाऽचिन्तयत् स्विन्नदेहो
भीतिः कस्मात् सकलभुवनप्राणिसंहारकर्तुः।
पापं कर्तुं समयमथवाऽनात्मनीनं महान्तं
व्याजादल्पाच्चपलमनसे शङ्करोऽपि प्रदत्ते॥

तदा तस्मिन् काले (मन्दिरं तदवस्थं दृष्ट्वा) सम्भ्रान्तः उद्विग्नः स्विन्नदेहः स्विन्नः स्वेदयुक्तो देहः यस्य तादृशः च (सन्) मनसि अचिन्तयत्—सकलभुवनप्राणिसंहारकर्त्तुः समस्तसंसारस्य प्राणिनां संहारं कर्त्तुं समर्थस्य शङ्करस्य कस्मात् भीतिः भयम् (विद्यते इति)। अथवा शङ्करः अपि चपलमनसे चपलं मनो यस्य तादृशाय दुर्विनीतायेति- भावः पापं कर्त्तुम् अल्पात् व्याजात् केनचित् छलेनेत्यर्थः महान्तम् अनात्मनीनम् आत्मनोऽहितकरम् (अनात्मनीनम्—न आत्मनीनम्, आत्मनीनम्—आत्मनो हितमिति, आत्मन्+'आत्मन् विश्वजनभोगोत्तर- पदात्खः' इति (पा० सू० ५/१/९) ख प्रत्यये, 'आत्माध्वानौ खे' इति (पा० सू० ६/४/१६९) आत्मन् शब्दस्य प्रकृतिस्थत्वे साधुः।) समयम्

अवसरं ददाति। शङ्करः दुष्टानां विनाशात् पूर्वं तेभ्यः केनचिद् व्याजेन पापं कर्त्तुम् अवसरं ददाति। पश्चाच्च चरमावस्थां गते पापे स तेषां संहारं करोतीति भावः।

(मन्दिर की उस दुरवस्था को देखकर) वह प्रवासी व्याकुल हो गया। उसके शरीर से पसीना निकलने लगा। उस समय उसने अपने मन में सोचा कि समस्त संसार के प्राणियों का संहार करने वाले भगवान् शङ्कर को किससे भय है ? अथवा शङ्कर भी दुष्ट व्यक्ति को पाप करने के लिए थोड़े से वहाने से उसके लिए अधिक अहित-कर अवसर देते हैं। तात्पर्य यह है कि भगवान् शङ्कर को किसी से भय नहीं है फिर भी वे दुष्टों का नाश करने के पहले उन्हें किसी न किसी व्याज से पाप करने का प्रचुर अवसर देते हैं। जब उनका पाप सीमा पर पहुँच जाता है तब वे उनका संहार करते हैं।

(१५)

दर्शं दर्शं सकलमभितो मन्दिरं तद्धि शम्भो—
ध्वंसं नीतं यवनपतिना प्रस्थचिह्नानुमेयम्
तस्य स्थाने रचितमपरं मस्जिदं चापि भव्यं
शोकावेगात् स्वगतममुकोऽचिन्तयद् विस्मितात्मा॥

अमुकः असौ (प्रवासी) यवनपतिना यवनराजेन (औरङ्गजेवेन) ध्वंसं नीतम् विध्वंसितम् प्रस्थचिह्नानुमेयम् प्रस्थस्य शिखरस्य चिह्नेन अनुमेयम् शम्भोः शिवस्य तत् सकलं सम्पूर्णं मन्दिरम् अभितः सर्वतः दर्शं दर्शम् पुनः पुनः दृष्ट्वा (दर्शंदर्शम्—दृश्+णमुल्) तस्य स्थाने रचितम् निर्मितम् भव्यं सुन्दरम् अपरम् मस्जिदं चापि (दर्शं दर्शम्) विस्मितात्मा विस्मितः चकितः आत्मा यस्य तादृशः सन् शोकोद्वेगात् शोकस्यावेगात् स्वगतम् स्वमनसि अचिन्तयत्।

वह प्रवासी यवनराज औरङ्गजेव के द्वारा ध्वस्त किए गए तथा

शिखर के चिह्न को देखकर अनुमान किए जाते हुए शङ्कर के उस सम्पूर्ण मन्दिर को चारों ओर से देख-देख कर तथा उसकी जगह बनाई गई एक दूसरी सुन्दर मस्जिद को बार-बार देखकर आश्चर्यित हो शोक के आवेश से मन में सोचने लगा।

(१६)

धर्मादीशादथ च न भयं विद्यते यस्य जन्तो--
धर्मान्ध्यं वा प्रकृतिजडता स्वीकृता येन मत्या।
तं सन्मार्गे चलितुमचिरं शिक्षयेत् को दयालु--
राविर्भूतः सदयहृदयो गान्धिजीवो न चेत् स्यात्॥

यस्य जन्तोः प्राणिनः धर्मात् अथच तथा ईशात् ईश्वरात् (शङ्करात्) भयं न विद्यते, येन मत्या बुद्ध्या धर्मान्धता प्रकृतिजड़ता स्वाभाविकाज्ञानता वा स्वीकृता, तम् अचिरं शीघ्रं सन्मार्गे चलितुम् सदयहृदयः गान्धिजीवः आविर्भूतः अवतीर्णः न स्यात् चेत् यदि (तर्हि), कः दयालुः शिक्षयेत् शिक्षां दद्यात्।

जिस व्यक्ति को धर्म से तथा ईश्वर (शङ्कर) से भय नहीं है तथा जिसने अपनी बुद्धि से धर्मान्धता अथवा स्वाभाविक अज्ञानता अपना ली है उसे शीघ्र सन्मार्ग में चलने के लिए, यदि दयालहृदय गान्धी जी प्रकट नहीं होते तो, कौन दयावान् शिक्षा देता?

(१७)

स्थानञ्चैतद् विकलमनसा ज्ञानवाप्याः क्रमेण
दर्शं दर्शं सजलनयनः सोऽभवत् खिन्नचेताः।
यातायाताभिरतजनतारुद्धवर्त्माऽथ पश्चा--
दायातोऽसौ रघुकुलमणेर्मन्दिरे शान्तिमाप्तुम्॥

स प्रवासी विकलमनसा व्याकुलेन मनसा ज्ञानवाप्याः एतत् स्थानम् क्रमेण क्रमशः दर्शं दर्शम् भूयो भूयो दृष्ट्वा सजलनयनः साश्रुनेत्रः

खिन्नचेताः खिन्नहृदयः च अभवत् । अथ अनन्तरम् यातायाताभिरत-जनतारुद्धवर्त्मा गमनागमने संलग्नैः जनैः अवरुद्धमार्गः (सन्) असौ प्रवासी पश्चात् शान्तिम् आप्तुम् प्राप्तुम् रघुकुलमणेः श्रीरामचन्द्रस्य मन्दिरे श्रीविश्वनाथात् पश्चिमे स्थिते राममन्दिरे इत्यर्थः आयातः आगतः ।

ज्ञानवापी में उस स्थान को व्याकुल मन से क्रमशः देख-देखकर उस प्रवासी की आँखें आँसुओं से भर गईं और उसका मन खिन्न हो गया। इसके बाद रास्ते में आने-जाने वाले लोगों से रुकावट पाता हुआ शान्ति प्राप्त करने के लिए राममन्दिर में आया।

(१८)

तत्रापश्यद् विविधविधिना सज्जिते मण्डपेऽसौ
श्रीमद्रामप्रथितचरितं श्रोतुमुत्कान् सुभक्तान्।
भक्त्या सोऽपि प्रणयिहृदयो रामभक्तस्तु तत्र
स्थित्वाऽश्रौषीच्छ्रवणमधुरां तां कथां वाच्यमानाम् ॥

तत्र राममन्दिरे असौ प्रवासी विविधविधिना अनेकप्रकारेण सज्जिते अलंकृते मण्डपे श्रीमद्रामप्रथितचरितं श्रीरामचन्द्रस्य प्रसिद्धं चरितं श्रोतुम् उत्कान् (उत्कः—उद्गतं मनो यस्य, उत्+कन्) उत्सुकान् सुभक्तान् भक्तप्रवरान् अपश्यत् । प्रणयिहृदयः प्रणयि प्रेमपूर्णं हृदयं यस्य तादृशः स रामभक्तः अपि तत्र स्थित्वा वाच्यमानाम् कथ्यमानाम् श्रवणमधुरां श्रोत्रप्रियां तां कथाम् अश्रौषीत् श्रुतवान्।

उसने राममन्दिर में विविध प्रकार से सजाए हुए मण्डप में श्रीरामचन्द्र के सुप्रसिद्ध चरित को सुनने के लिए उत्सुक भक्तप्रवरों को देखा । प्रेमी हृदय वाला वह रामभक्त भी वहाँ बैठकर कही जाती हुई (वाँची जाती हुई) उस श्रुतिमधुर कथा को सुनने लगा।

(१९)

श्रुत्वा सीतां प्रति हनुमता वाचिकं प्राप्यमाणं
श्रीरामेण व्यथितमनसा सोऽतिचिन्तानिमग्नः ।
दृष्ट्वा चाग्रे कमपि सहसाऽऽगत्य तत्रोपविष्टं
शान्तं सौम्यं परमसरलं हर्षमाप प्लवङ्गम् ॥

स प्रवासी (कथायाः प्रसङ्गे) व्यथितमनसा व्यथितं वियोगविधुरं मनः यस्य तादृशेन श्रीरामेण सीतां प्रति हनुमता प्राप्यमाणं प्रेष्यमाणं वाचिकम् सन्देशं श्रुत्वा अतिचिन्तानिमग्नः (सन्) तत्र अग्रे सहसा आगत्य उपविष्टं शान्तम् सौम्यम् मनोहरं परमसरलम् अतीवोदारं कमपि प्लवङ्गं वानरं (प्लवङ्गम्—प्लवेन प्लुतगत्या गच्छतीति प्लवङ्गः, प्लव+गम +'गमश्च' इति (पा० सू० ३/२/४७) खच् 'खच्च डिद्वा वाच्यः' इति डित्वात् टिलोपे मुमागमे च साधुः ।) च दृष्ट्वा हर्षम् आप प्राप्तवान् ।

वह प्रवासी (उस कथा के प्रसंग में) अपनी पत्नी सीता के वियोग में व्यथित मन वाले श्रीरामचन्द्र के द्वारा सीता के पास हनुमान् के द्वारा भेजे जाते हुए सन्देश को सुनकर अत्यन्त चिन्तित हो गया । उसे वहाँ अपने सामने सहसा आकर बैठे हुए किसी शान्त, सुन्दर तथा अत्यन्त सरल वानर को देखकर खुशी हुई ।

तात्पर्य यह है कि वहाँ कही जाती हुई कथा में जब उसने उस प्रसंग को—जिसमें राम ने सीता के पास हनुमान् के द्वारा सन्देश भेजा है—सुना तो उसे अपनी पत्नी के विषय में चिन्ता हो गई । वह अपनी पत्नी के पास किसी प्रकार अपना कुशल-समाचार भेजने की बात मन-ही-मन सोचने लगा । जब उसकी आँखें खुलीं तो अपने सामने बैठे हुए बन्दर को देखकर उसे बहुत खुशी हुई । उसके मन में यह आशा हो गई कि हनुमान् जी की तरह यह बन्दर भी उसकी पत्नी के पास उसका सन्देश पहुँचाने में सहायक होगा ।

विशेष :—उस प्रवासी की पत्नी का नाम भी सीता था।[१] 'हनूमत्सन्देश' वाली कथा के प्रसंग में देवी सीता की चर्चा सुनकर उसे अपनी पत्नी सीता देवी का स्मरण होने से चिन्तित होना तथा अतर्कित रूप में सामने बैठे वानर को देखकर उस प्रकार आशान्वित होना स्वाभाविक ही था।

(२०)

श्रावं श्रावं विकलहृदयो मारकाटप्रसङ्गं
सन्देशं स त्वरितगतिना मर्कटेन प्रहिण्वन् ।
नाशोचत्तां विरहविधुरां लप्स्यतेऽयं न वेति
शोकाक्रान्ता विकृतिमयते कस्य पुंसो न बुद्धिः ?

(स प्रवासी) मारकाट[२]प्रसङ्गम् भारतपाकस्थानयोर्युद्धे प्रवृत्तां मारकाटवार्त्ताम् श्रावं श्रावम् पुनः पुनः श्रुत्वा (श्रावं श्रावम्—श्रु+णमुल्) विकलहृदयः व्याकुलमनाः (सन्) त्वरितगतिना त्वरिता गतिर्यस्य तादृशेन मर्कटेन वानरेण स्वं सन्देशम् प्रहिण्वन् प्रेषयिष्यन् (प्रहिण्वन्—प्र+हि (स्वादिः) +शतृ) स प्रवासी अयं मर्कटः विरहविधुरां वियोगव्यथितां तां लप्स्यते प्राप्स्यति वा न इति न अशोचत् न विचारयामास। कस्य पुंसः पुरुषस्य बुद्धिः शोकाक्रान्ता शोकेन चिन्तया आक्रान्ता अभिभूता सती विकृतिं विकारं न अयते न प्राप्नोति विकृता न भवतीत्यर्थः ।

(हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच हो रहे युद्ध में) मार-काट की बात सुन-सुनकर उस प्रवासी का हृदय व्याकुल हो गया था। उसने तेज चलनेवाले मर्कट (बन्दर) के द्वारा अपनी प्रिया के पास सन्देश भेजना चाहा। उसने यह विचार नहीं किया कि वह बन्दर उस

---

१. इस काव्य के पूर्व भाग पद सं० ७९ में इसका उल्लेख है।
२. मारः—मरणं मारः, कटनं काटः, धातूनामनेकार्थत्वात् शब्दसाम्यञ्च तथाऽग्रे मर्कटशब्दप्रयोगस्वारस्याच्च छलं निष्पाद्य गृहीतोऽयं काटः।

वियोगिनी के पास पहुँच सकेगा या नहीं । किस मनुष्य की बुद्धि शोक से आक्रान्त होकर विकृत नहीं हो जाती ?

(२१)

दूरे रुद्धां प्रणयिहृदयां संस्मरन् स्वां प्रियां स
सन्देशं तां प्रति च कपिना तेन सम्प्रेषयिष्यन् ।
पुष्पैः कैश्चिद् रघुपतिपदे स्वर्पितैस्तं प्रपूज्य
ध्यात्वाऽवोचत् किमपि हृदये साधुवादैः प्लवङ्गम् ॥

स प्रवासी दूरे दूरस्थाने (पाकस्थाने) रुद्धाम् अवरुद्धाम् प्रणयिहृदयां प्रेमपूर्णमानसां स्वां प्रियां पत्नीम् संस्मरन् तां प्रति तेन कपिना सन्देशं प्रेषयिष्यन् प्रेषयितुमुद्यतः (सन्) रघुपतिपदे श्रीरामचन्द्रस्य चरणे स्वर्पितैः भक्तैः सुन्दरभावेन समर्पितैः कैश्चित् पुष्पैः तं कपिं प्रपूज्य तस्य पूजां कृत्वा हृदये किमपि ध्यात्वा चिन्तयित्वा सन्देशानरूपं वृत्तं विचार्येत्यर्थः (तम्) प्लवङ्गम् साधुवादैः साधुवादपूर्वकम् प्रशंसन्नित्यर्थः अवोचत् अवादीत् ।

वह प्रवासी दूर स्थान (पाकिस्तान) में रुकी हुई प्रेमभरे हृदय वाली अपनी पत्नी को स्मरण कर उसके पास उस कपि के द्वारा सन्देश भेजना चाहता हुआ भगवान् श्रीरामचन्द्र के चरणों पर चढ़ाए हुए कुछ फूलों से उसकी पूजा कर और मन में कुछ सोचकर अर्थात् (सन्देश के योग्य बातें विचार कर) साधुवाद के साथ (अर्थात् प्रशंसा करते हुए) उससे बोला ।

(२२)

जातं वंशे रघुकुलमणेः सेवकानां प्रशस्ते
जानामि त्वां प्रकृतिसरलं सर्वलोकप्रियञ्च ।
तेनार्थित्वं त्वयि कपिवरे दूरजानिर्गतोऽहं
याच्ञेयं मे सदयमनसा माननीया त्वयाऽद्य ॥

रघुकुलमणेः श्रीरामचन्द्रस्य सेवकानां वानराणामित्यर्थः प्रशस्ते अतिश्रेष्ठे प्रशंसनीये वा वंशे जातम् उत्पन्नम् प्रकृतिसरलं प्रकृत्या स्वभावेन सरलम् उदारं सर्वलोकप्रियम् सर्वेषां लोकानां जनानां प्रियं च त्वां जानामि । तेन दूरजानिः दूरे जाया यस्य तादृशः (दूरजानिः—बहुव्रीहि-समासे 'जायाया निङ्' इति (पा० सू० ५/४/१३४) निङ्) अहम् कपिवरे कपिश्रेष्ठे त्वयि अर्थित्वम् याचकत्वं गतः । मे मम इयं याच्ञा प्रार्थना (याच्ञा—याच्+'यजयाचयतविच्छप्रच्छरक्षो नङ्' (इति पा० सू० ३/४/९०) नङ्+टाप्) सदयमनसा दयालुहृदयेन त्वया अद्य माननीया स्वीकर्तव्या ।

तुम श्रीरामचन्द्र के सेवकों (वानरों) के श्रेष्ठ (प्रशंसनीय) कुल में उत्पन्न हो तथा स्वभावतः उदार एवं सब लोगों के प्रिय हो यह मैं जानता हूँ । इसलिए दूर स्थित पत्नीवाला मैं तुम जैसे कपिश्रेष्ठ के सम्मुख याचक के रूप में उपस्थित हूँ । मेरी यह प्रार्थना दयालु मन वाले तुम्हें आज स्वीकार करनी चाहिए ।

(२३)

शोकार्त्तश्रीरघुकुलपतेस्त्वं सहायस्तदाऽभूः
सन्देशं मे तदतिमधुरं प्रापयत्वं प्रियां मे ॥
गन्तव्यस्ते सुभग ! तरसा पश्चिप्रान्तदेशः
यत्रास्ते सा हृदयदयिता मामकीनाऽद्य दीना ॥

त्वं शोकार्त्तश्रीरघुकुलपतेः सीतावियोगपीड़ितस्य रामचन्द्रस्य तदा सीतान्वेषणकाले तथा तां प्रति सन्देशप्रापणकाले सहायः सहायकः अभूः तत् तस्मात् त्वं मे अतिमधुरम् श्रुतिसुखदम् सन्देशम् मे मम प्रियाम् प्रापय ! हे सुभग सुन्दर ! ते तव तरसा वेगेन पश्चिमप्रान्तदेशः गन्तव्यः अस्ति, यत्र अद्य सा मामकीना मदीया (मामकीना—अस्मद् +'युष्मदस्मदोरन्यतरस्यां खञ्च' इति (पा० सू० ४/३/१) खञ्+ 'तवकममकावेकवचने' इति (पा० सू० ४/३/३) अस्मदो मामकादेशः+ टाप्) हृदयदयिता हृदयवल्लभा पत्नी आस्ते ।

तुम[1] शोकार्त (सीता के वियोग से पीड़ित) श्रीरामचन्द्र के उस समय (सीता का पता लगाने तथा उनके पास सन्देश पहुँचाने के समय) सहायक हुए थे। अतः तुम मेरे अत्यन्तमधुर (श्रुति-सुखद) सन्देश को मेरी प्रिया के पास पहुँचा दो। हे सुन्दर ! तुम्हें वेग से पश्चिम प्रान्त के देश (पाकिस्तान) में जाना है, जहाँ आज वह मेरी दुःखिनी पत्नी रहती है।

(२४)

वात्यावेगः किमु धरहरां पातयत्याशु जीर्णा—
मित्युद्वेगाच्चलितनयनैर्बालकैर्वीक्ष्यमाणः।
स्थानादस्मात्सरसकविताऽऽधारगीर्वाणवाणी—
विद्वद्वृन्दप्रथितवसतेरुत्प्लवस्व प्रतीचीम् ॥

वात्यावेगः वात्यायाः वायुसमूहस्य वेगः (वात्यावातानां समूहः, वात+'पाशादिभ्योयः' इति (पा० सू० ४/२/४९) य+टाप्) वेगः जीर्णाम् धरहराम् मन्दिरशिखरम् आशु पातयति किमु किम् इति उद्वेगात् व्याकुलतया चलितनयनैः चञ्चलनेत्रैः बालकैः वीक्ष्यमाणः (सन् त्वम्) सरसकविताधारगीर्वाणवाणीविद्वद्वृन्दप्रथितवसतेः सरसकवितायाः आधारभूतायाः संस्कृतभाषायाः विद्वत्समूहस्य प्रसिद्धनिवासस्थानात् अस्मात् स्थानात् (काशीतः) प्रतीचीम् पश्चिमां दिशां प्रति उत्प्लवस्य उत्प्लुत्य गच्छ।

बवंडर (वायुसमूह) पुराने (जीर्णशीर्ण) धरहरा (मन्दिर के शिखर) को शीघ्र गिरा रहा है क्या ? इस घबराहट से चञ्चल नेत्रों वाले बालकों के द्वारा देखे जाते हुए तुम सरस कविता के आधार संस्कृत भाषा के विद्वानों के प्रसिद्ध निवास-स्थान इस काशी से पश्चिम की ओर उछलो।

---

१. यहाँ 'तुम' का तात्पर्य 'तुम्हारी जाति' है।

(२५)

आयातीयं प्रकृतिविनता नैचिकी ते पथाग्रे
शीतो वायुः प्रवहति सुखस्पर्शवान् संमुखीनः।
रूपाजीवा हसितवदनाऽऽभूषणाभूषिताङ्गी
तस्माज्जाने नुदति शकुनस्त्वामितः सम्प्रयातुम्॥

ते तव पथा मार्गेण अग्रे इयम् प्रकृतिविनता स्वभावतः नम्रानैचिकी उत्तमा गौः "श्रेष्ठा च नैचिकी स्यात्" इति हलायुधकोशः, २/२/७१, (नैचिकी-नीचिः कर्णशिरोदेशः, ततः स्वार्थे कन्, प्रशस्तं नीचिकमस्याः 'ज्योत्स्नादिभ्य उपसंख्यानम्' (वा०) इत्यण्+ङीप्) आयाति आगच्छति, सुखस्पर्शवान् स्पर्शे सुखकरः शीतः वायुः संमुखीनः अनुकूलः सन् प्रवहति आभूषणभूषिताङ्गी अलंकारैः सुशोभितशरीरा रूपाजीवा (रूपेण सौन्दर्येण आजीवतीति, रूप+आ+जीव्+अच्+टाप्) वेश्या "रूपाजीवा वेश्या" इति हलायुधः, २/४९०, हसितवदना हसन्तीति भावः (तव सम्मुखमास्ते), तस्मात् (अहम्) जाने मन्ये शकुनः शुभलक्षणम् त्वाम् इतः अस्मात् स्थानात् सम्प्रयातुम् प्रस्थातुम् नुदति प्रेरयति। प्रस्थानकाले सम्मुखे गोदर्शनम्, अनुकूलो वायुः, सम्मुखस्थिता स्मितवदना वेश्या चेतित्रयं शुभशकुनमिति ज्यौतिषशास्त्रसिद्धान्तः।

तुम्हारे रास्ते में सामने यह स्वभावतः नम्र (सीधी) उत्तम गाय आ रही है। स्पर्शसुखद शीतल वायु तुम्हारे अनुकूल होकर वह रही है। आभूषणों से सुशोभित वेश्या सामने हँसती हुई दिखाई पड़ रही है। अतः ज्ञात होता है कि शुभ शकुन तुम्हें यहाँ से प्रस्थान करने के लिए प्रेरित कर रहा है। (ज्यौतिष शास्त्र के अनुसार यात्रा के समय सामने गाय का दर्शन, हवा का अनुकूल होकर वहना और सामने हँसती हुई वेश्या का दिखाई पड़ना शुभ लक्षण है।

(२६)

द्राक्षावल्लीवलयबहुलोऽतीवरम्यप्रदेशो
देशो ह्यास्ते सपदि भवताऽन्वेषणीयः सयत्नम्।
साहाय्यं ते त्वरितगमने कारयिष्यत्यनल्पं
दिल्लीवासी सदयहृदयोऽसौ पुनर्वासमन्त्री॥

द्राक्षावल्लीबहुलः प्रचुरद्राक्षालतायुक्तः अतीवरम्यप्रदेशः अत्यन्तरमणीयभूमिः (मम) देशः (पुरुषपुरम्, 'पेशावर' इति नाम्ना प्रसिद्धः) आस्ते (सः) भवता सयत्नम् यत्नपूर्वकम् सपदि शीघ्रम् अन्वेषणीयः। ते त्वरितगमने शीघ्रगमने दिल्लीवासी सदयहृदयः असौ पुनर्वासमन्त्री विस्थापितानां शरणार्थिनाञ्च आवासादिप्रबन्धेऽधिकृतो मन्त्री अनल्पम् अधिकं साहाय्यं सहायतां करिष्यति।

दाख (अंगूर) की लताओं से भरा हुआ तथा अधिक रमणीय भूमि वाला मेरा देश (पेशावर) है, [उसे तुम यत्न से शीघ्र खोज लेना। वहाँ तुम्हारे जल्दी पहुँचने में, दिल्ली-निवासी दयालुहृदय वे पुनर्वासमन्त्री अधिक सहायता करेंगे।

(२७)

ताञ्चावश्यं विगतशरणां चिन्तयन्तीं सदा मां
साध्वीं धन्यां त्वमतिचतुरो भ्रातृजायां प्रपश्येः।
आशावल्ली नवसहचरी मे प्रियाया इदानीं
कृच्छ्रे काले कथमपि सखे! जीवनाधारभूता।

अतिचतुरः त्वम् विगतशरणाम् निराश्रयाम् (असहायाम्) सदा माम् चिन्तयन्तीम् मामनुशोचन्तीम् साध्वीम् साधुशीलाम् धन्याम् श्लाघनीयाम् ताम् भ्रातृजायाम् भ्रातृपत्नीम् अवश्यं प्रपश्येः। हे सखे! इदानीम् कृच्छ्रे कष्टमये कठिने वा काले आशावल्ली आशालतारूपा नवसहचरी नवीना सखी मे प्रियायाः जीवनाधारभूता जीवनावलम्बदायिनी (अस्ति)।

अत्यन्त चतुर तुम आश्रयरहित (असहाय), सदा मेरी चिन्ता करने वाली, साधु स्वभाव वाली तथा धन्यवाद के योग्य (प्रशंसनीय) अपनी उस भाभी को अवश्य देखोगे। हे मित्र ! इस समय इस कठिन परिस्थिति में आशारूप लता नवसहचरी (नई सखी) के रूप में किसी प्रकार मेरी प्रिया के जीवन का आधार (सहारा) बनी हुई है।

(२८)

प्रष्टव्योऽयं प्रथममधुना विश्वनाथः शरण्यो
वाराणस्याः सकलजनतापूजिताङ्घ्रिर्वरेण्यः।
काले काले त्वमपि विनयी दर्शनं यस्य कृत्वा
तद्भक्तनां भवसि गणितः सज्जनानां च मध्ये ।।

अधुना प्रथमम् शरण्यः शरणागतरक्षकः वाराणस्याः सकलजनता-पूजिताङ्घ्रिः सर्वजनपूजितचरणः वरेण्यः श्रेष्ठः वरदो वा (वरेण्यः— वृ+एण्य, 'वृञएण्यः' इत्युणादिसूत्रेण) अयं विश्वनाथः प्रष्टव्यः प्रस्थानाय अनुमतिः प्रार्थनीयेतिभावः। विनयी विनयशीलः त्वमपि काले-काले समये-समये यस्य विश्वनाथस्य दर्शनं कृत्वा तद्भक्तानां तस्य विश्वनाथस्य शिवस्येतिभावः सज्जनानाञ्च मध्ये गणितः संमानितः भवसि ।

